CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 27°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 21 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 159 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




शिव सुब्रमण्यम रमण ने पीएफआरडीए के अध्यक्ष का पदभार संभाला पेज 2



शीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि खेल टाइम्स



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः योग बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति... संपादकीय



ईरान आईआरजीसी ने की नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति पेज 12

# ईरान के इजरायल पर कई बड़े मिसाइल हमले

## माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी मिसाइल, कई कारों में लगी आग

तेहरान/तेल अवीव

**ईरान ने इजरायल** के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। ईरान ने शुक्रवार शाम इजरायल के तेल अवीव, बीर्शेबा, हाइफा सहित कई शहरों में पर फिर से मिसाइल हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है।

आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है।



■ तेल अवीव, बीर्शेबा व हाइफा सहित कई शहरों को बनाया मिसाइलों से निशाना, 23 घायल, तीन गंभीर

# इजरायल रोजाना जंग में झोंक रहा ₹6000 करोड़

## सैन्य संघर्ष अब आर्थिक संकट में भी बदल रहा

तेल अवीव, वार्ता

**ईरान और** इजरायल के बीच जारी संघर्ष सिर्फ सैन्य नहीं, अब आर्थिक संकट में भी बदलता जा रहा है। पूर्व इजरायली रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल रीम एमीनाक के मुताबिक, इजरायल का रोजाना युद्ध लड़ने में 725 मिलियन डॉलर (करीब 6,000 करोड़) खर्च हो रहा है।

इसमें केवल मिसाइल, जेट ईंधन, बमबारी और सैनिक तैनाती जैसे सीधे खर्च शामिल हैं। पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान और प्रोडक्टिविटी में गिरावट को भी जोड़ा जाए, तो असल खर्च इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इजरायली वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6प्रतिशत कर दिया है। वहीं, 2025 में पहले से तय बजट घाटे की सीमा 4.9प्रतिशत से बढ़ सकती है। 13 जून को ईरान पर अटैक के बाद पहले दो दिन में इजरायल का खर्च 1.45 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया था। इसमें से 593 मिलियन डॉलर (करीब 5 हजार करोड़) बमबारी और जेट ईंधन और बाकी रक्षा संचालन में गए। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने 2025 के लिए जो बजट घाटे की सीमा तय की थी, वह जीडीपी का 4.9 प्रतिशत यानी लगभग 27.6 अरब डॉलर थी। लेकिन यह अनुमान ईरान के साथ नया युद्ध शुरू होने से पहले का था। अब इजरायल का बजट घाटा और बढ़ सकता है। वहीं, इजरायल का रक्षा बजट पहले ही गाजा युद्ध में काफी खर्च हो चुका है। इसी वजह से वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया है।

### ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला, 1000 भारतीय छात्र लौटेंगे

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों का वहां से रेस्क्यू करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय स्टूडेंट्स 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने मदुरै के विवादित मंदिर तोड़ने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में कथित तौर पर बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। एसोसिएशन की याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत, कारण स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली।** कनाडा में वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक भारतीय छात्रा तान्या त्यागी की मौत हो गई है। दूतावास ने छात्रा की मौत का कारण नहीं बताया, लेकिन कहा है कि वह अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हम कैलगरी विश्वविद्यालय की भारतीय छात्रा सुश्री तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

### शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन पांचवीं बार टला

**नई दिल्ली।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन पांचवीं बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

### ब्लैक बॉक्स विदेश भेजे जाने पर अभी कोई फैसला नहीं

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अभी विदेश नहीं भेजा गया है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर बयान जारी किया है। केंद्र ने कहा कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स को कहां भेजा जाएगा, इसका फैसला एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। यह फैसला सभी तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीय पहलुओं को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। फिलहाल एएआईबी की जांच जारी है। इसके अलावा गृह सचिव के नेतृत्व में हाई लेवल कमेटी भी हादसे की जांच कर रही है, जो तीन महीने में रिपोर्ट देगी।

# ओडिशा आना जरूरी था, इसलिए ट्रम्प को मना किया

भुवनेश्वर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरुआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया।

वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया।



### लालटेन-पंजे के शिकंजे से बचे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की आहट राज्य में साफ सुनाई देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में यह गूंज के रूप में सुनाई दी, जब उन्होंने सीवान में संबोधन सुनने आए लोगों से कहा कि नौजवानों ने जंगलराज की कहानियां सुनी होंगी। देखा नहीं होगा। उस माहौल को जानते नहीं होंगे। फिर से लालटेन और पंजे वाले शिकंजा कसने का मौका ढूंढ़ रहे। सतर्क रहना होगा, वरना विकास पर ब्रेक लगाने का मौका वह तलाश रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार समृद्ध होगा।

### महाराष्ट्र में भारी बारिश, नासिक में घरों व दुकानों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मानसून ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में एंट्री कर ली। यूपी में भी मानसून और आगे बढ़ा है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं। अमरेली में भारी बारिश से नदियों का पानी खेतों में जा घुसा। इससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। महाराष्ट्र के नासिक में भारी बारिश से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी किनारे के निचले इलाकों के घर-दुकानों में पानी घुस गया। मध्य प्रदेश के श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे करीब 20 गांवों का संपर्क टूट गया। बिहार के गयाजी में बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे 20 लोग फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 18 लोगों का रेस्क्यू किया। 2 की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से सरगुजा के मैनी नदी में अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत चार लोग बह गए।

# ईरान से सुरक्षित लौटे सभी 94 छात्र वापस कश्मीर पहुंचे



**श्रीनगर।** युद्ध प्रभावित ईरान से लाए गए जम्मू-कश्मीर के सभी 94 छात्र सुरक्षित रूप से कश्मीर पहुंच गए हैं।

केन्द्र सरकार ने इजरायल-ईरान युद्ध के मद्देनजर ईरान से भारत लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को वहां से स्वदेश लाने के लिए ऑपरेशन सिंधु चलाया है। इसके तहत 110 भारतीय छात्रों का पहला जत्था बुधवार रात दिल्ली लाया गया था, जिनमें जम्मू -कश्मीर के 94 छात्र शामिल थे। ये सभी छात्र उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे और उन्हें आर्मेनिया और दोहा के रास्ते निकाला गया। जम्मू- कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के अनुसार, कुछ छात्र गुरुवार को ही कश्मीर पहुंच गए थे, जबकि बाकी छात्र जो दिल्ली से डीलक्स बसों में रवाना हुए थे वे शुक्रवार सुबह घाटी पहुंच गए। एसोसिएशन ने कहा कि हम विदेश मंत्रालय और उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छात्रों की सुरक्षित और समय पर वापसी सुनिश्चित की। यह उनके परिजनों के लिए बहुत बड़ी राहत है। छात्रों ने भी केन्द्र सरकार को सुरक्षित निकासी, नि:शुल्क ठहरने और यात्रा सुविधाओं के लिए धन्यवाद दिया। छात्रों ने दिल्ली में पहले शिकायत की थी कि दिल्ली से श्रीनगर तक जाने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। मेडिकल छात्रा सबा रसूल ने श्रीनगर में कहा कि ईरान से चार दिन की लंबी यात्रा के बाद हम बेहद थक चुके थे। जब दिल्ली में बसें देखीं तो बहुत निराशा हुई।

### भारतीय तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्र प्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ करने वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव आईसीजीएस सी-438 को जहाज की ओर भेज दिया। यह नाव काकीनाडा बंदरगाह से करीब 16 समुद्री मील दूर नियमित गश्ती मिशन पर थी। भारतीय तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी मछली पकड़ने वाली नाव से भागने की कोशिश की, लेकिन आईसीजीएस सी-438 टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

# विमानों की सुरक्षा को मौजूदा बजट नाकाफी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद संसदीय समिति की तरफ से पेश की गई एक रिपोर्ट चर्चा में आ गई है। मार्च में राज्यसभा में पेश की गई इस रिपोर्ट में बताया गया था कि विमान हादसों की जांच और एविएशन सुरक्षा के लिए फंडिंग में गड़बडियां हैं।

टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है, लेकिन सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और विमान हादसों की जांच के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है, जो काफी नहीं है। टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट मार्च में राज्यसभा में पेश की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) को जो बजट मिल रहा है वो बहुत कम है और उसके आवंटन में भी खामियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जहां डीजीसीए को 30 करोड़ रुपये दिए गए, वहीं एएआईबी को सिर्फ 20 करोड़ रुपये और बीसीएएस को केवल 15 करोड़ रुपये मिले। समिति ने यह भी कहा कि भारत में एयरपोर्ट्स और यात्रियों की संख्या में तेजी से हो रहे इजाफे को देखते हुए एएआईबी और बीसीएएस को ज्यादा बजट दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2025-26 के बजट खर्च में प्रमुख एविएशन एजेंसियों के बीच फंड बांटे जाने में फर्क साफ नजर आता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एविएशन नियमों के अनुपालन और एयरलाइन्स की निगरानी की जिम्मेदारी वाले डीजीसीए को कुल बजट का लगभग आधा हिस्सा यानी 30 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

### एयर इंडिया की नौ फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एयर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं।

■ संसदीय समिति की रिपोर्ट: हादसों की जांच और सिक्योरिटी एजेंसी को सालभर में सिर्फ 35 करोड़ मिले

# ईडी ने बंगाल व दिल्ली में बैंक खाते और दस्तावेज किए जब्त

कोलकाता, वार्ता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में कम से कम सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी के एक बयान में कहा कि वह बैंकों के सभी बंद खातों में शेष राशि का पता लगा रही है। अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं।

■ ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, एक किसान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और अज्ञात हमलावरों के बीच हुए एनकाउंटर में एक बुजुर्ग कुकी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला क्रास फायर की चपेट में आ गई। घटना उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यह ऑपरेशन उस वक्त शुरू किया गया, जब बिष्णुपुर जिले में खेतों में काम कर रहे एक मैतई किसान को गोली लगी। बताया गया कि गोली आसपास की पहाड़ियों से चलाई गई थीं। दरअसल मैतेई नेता अशेम कनन सिंह की 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे। पुलिस से झड़प के अलावा प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की थी। अशेम को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

### मणिपुर में सात उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने अलग-अलग अभियानों में सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई बाजार से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। केंद्रीय बल ने टेंग्नौपाल जिले में बीपी-87 में भारत-म्यांमार सीमा से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों ने काकचिंग जिले के सेकमाई-जंग खुनौ से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के फकनंग थोंगखोंग से एक महिला को भी गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर उग्रवादी बताई जा रही है।

### एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में पहचान बना रहा यूपीः योगी

# सुरक्षा में सेंध लगाने वाला यमराज के पास जाएगा

**आजमगढ़, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से निकल कर एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में देश में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछली सरकारें विकास की बजाय डी-कंपनी और दाऊद गिरोह के साथ साझेदारी करती थीं, सुरक्षा में सेंध लगाती थीं और आजमगढ़ को आतंक का गढ़ बना दिया था। 2007-08 में शिवली नेशनल कॉलेज में अजीत राय की हत्या वंदे मातरम गाने की वकालत के लिए हुई थी, लेकिन अब ऐसा दुस्साहस कोई नहीं कर सकता। आज कोई प्रदेश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करता है, तो उसके लिए यमराज का टिकट पहले से कट जाता है। योगी ने कहा कि अब देश और प्रदेश की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। आजमगढ़ में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के मौके पर योगी ने कहा कि दशकों तक पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज अदम्य साहस का गढ़ बन चुका है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के प्रयासों का परिणाम है, जो उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में स्थापित कर रहा है। योगी ने कहा कि आजमगढ़ से गोरखपुर तक यह लिंक एक्सप्रेसवे पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। यह कनेक्टिविटी पटना से दिल्ली तक की यात्रा को आसान बनाएगी। 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा ही था जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया, लेकिन अब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं।

**■ सपा डी कंपनी और दाऊद गिरोह को पालती थी अब यूपी व देश की सुरक्षा से समझौता नहीं होगा**

### भ्रष्टाचार पर माया ने योगी पर साधा निशाना



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने विभागीय भ्रष्टाचार को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है और कहा है कि मुख्यमंत्री योगी को इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेंस विभाग को सक्रिय करना होगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर कहा कि देश के अधिकतर प्रदेशों की तरह यूपी में भी हर स्तर पर सरकारी कार्यकलापों के साथ ही विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार और हिस्सेदारी के आरोपों से घिरे तबादलों की अनवरत आम चर्चा व खबरों का मुख्यमंत्री को कड़ा संज्ञान लेकर ना सिर्फ भ्रष्टाचार निरोधक विजिलेन्स विभाग आदि को सक्रिय करना, बल्कि समयबद्ध एसआईटी का भी गठन करके व्यवस्था में आवश्यक सुधार करना जन व देशहित में ज़रूरी है। सरकारी भ्रष्टाचार व अफसरों की द्वेषपूर्ण मनमानी पर यूपी सीएम जितना जल्द सख्त क़दम उठाए उतना बेहतर।

# गरीबों को शिक्षा से दूर कर रही योगी सरकारः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल मर्जर भारतीय जनता पार्टी सरकार की एक सोची समझी रणनीत है, जिससे गरीबों को शिक्षा से दूर किया जा सके।

पार्टी दफ्तर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि स्कूलों का मर्जर एक सरकार की एक सोची समझी रणनीत के तहत किया जा रहा है। स्कूल जितने कम होंगे, उतनी ग्रोथ रेट कम होगी और नौकरियां नहीं देनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षकों के साथ है, जो बरसों से अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। जब कभी समाजवादी पार्टी को मौका मिलेगा, तो उनकी समस्याओं का समाधान करने का काम हम करेंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार हृदयहीन है, जिसमें संवेदना न हो, वो सरकार किसी को स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

शिक्षा विभाग बर्बाद किया जा रहा है, नेताजी खुद शिक्षक थे उन्होंने हमेशा समझाने की कोशिश की, एक शिक्षक के बेटा होने के नाते मेरा शिक्षकों से पारिवारिक संबंध है, उनका जो दर्द है वह मेरा दर्द है। शिक्षकों की बात होती है, तो भाजपा सरकार बहरी हो जाती है, जिसमें संवेदना नहीं है ऐसी सरकार नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डी कंपनी वाले बयान पर उन्होंने कहा कि कंपनी किसको बोलते है।

**■ स्कूलों का मर्जर जान बूझकर किया जा रहा**

# पूर्ण राज्य के दर्जे को केन्द्र के वादे का इंतजार

## जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मीडिया में उठाया मुद्दा

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि वह केन्द्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की ओर से किए गए वादों के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं।

अब्दुल्ला ने यहां एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि देखेंगे कि हमें राज्य का दर्जा पाने के लिए कानूनी तौर पर आगे बढ़ना है या नहीं, लेकिन अभी हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के वादे का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क और शिकायत निवारण को मजबूत करने के लिए आज यहां कैनाल रोड पर एक नए राब्ता कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पहले श्रीनगर (कश्मीर घाटी) में इसका एक कार्यालय काम कर रहा है।

मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (महबूबा मुफ्ती) इस मुद्दे पर कितना बोल रही हैं? जब उन्हें इस मुद्दे को उठाने का मौका मिला था, तब वह कहां थीं? अब्दुल्ला ने कहा कि जब वह अनंतनाग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रही थीं और राजौरी-पुंछ से वोट मांग रही थीं, तब उन्होंने इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे रखी। भारतीय जनता पार्टी के करीबी पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने आरक्षण के मुद्दे पर क्यों नहीं बोला।

उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी सरकार द्वारा गठित कैबिनेट उप-समिति ने आरक्षण के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट कानून विभाग को सौंप दी है, जिसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### पुरुलिया में दो वाहनों की भिड़ंत में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** झारखंड की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह भारी भरकम सामान से लदे बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पुरुलिया-जमशेदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नामसोल में आज तड़के हुई। ये सभी लोग विवाह समारोह में शामिल होने के बाद बोलेरो जीप से घर लौट रहे थे। सभी पीड़ित पड़ोसी राज्य झारखंड के निमड़ी क्षेत्र के निवासी थे। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि 18 पहियों वाले बड़े ट्रक और जीप की भिड़ंत के बाद ट्रक भी पलट गया।

# अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति हैः राहुल गांधी

## बोले- भाजपा-आरएसएस नहीं चाहती कि गरीब बच्चे इसे सीखें

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है। यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए।

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा- आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें। राहुल का यह पोस्ट अमित शाह की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें शाह ने कहा था कि इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है। बीजेपी-आरएसएस नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेज़ी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि आप सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे।



शाह ने हिंदी समेत 'भारतीय भाषाओं के भविष्य' पर कहा, श्अपना देश, अपनी संस्कृति, अपना इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के जरिए संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। मैं अच्छी तरह जानता हूं, यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर स्वाभिमान के साथ हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।



सेंसेक्स 82408.17
निफ्टी 25112.40



सोना रु. 98,503
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 105592
प्रति किलो



# उबरा बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी 1.29 प्रतिशत उछले

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी सैन्य भागीदारी का निर्णय वापस लेने से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन दिनों की गिरावट से उबरकर आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1046.30 अंक अर्थात 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 319.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25112.40 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.20 प्रतिशत उछलकर 45,480.26 अंक और स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत मजबूत होकर 52,378.52 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4094 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2463 में तेजी जबकि 1484 में गिरावट रही, वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2954 कंपनियों के शेयरों में से 1912 में लिवाली जबकि 963 में बिकवाली हुई, वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा।



इससे कमोडिटीज 0.54, सीडी 1.12, ऊर्जा 0.99, एफएमसीजी 0.52, वित्तीय सेवाएं 1.35, हेल्थकेयर 0.78, इंडस्ट्रियल्स 1.21, आईटी 0.65, दूरसंचार 2.73, यूटिलिटीज 1.62, ऑटो 0.84, बैंकिंग 1.15, कैपिटल गुड्स 1.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84, धातु 1.10, तेल एवं गैस 0.61, पावर 1.46, रियल्टी 2.22, टेक 1.42, सर्विसेज 0.99 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.89 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.26 प्रतिशत मजबूत रहा वहीं जापान का निक्केई 0.22 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत फिसल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स सात अंक फिसलकर 81,354.85 अंक पर लगभग सपाट खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,323.20 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,494.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,361.87 अंक के मुकाबले 1.29 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82408.17 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी भी छह अंक उतरकर 24,787.65 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 24,783.65 अंक के निचले, जबकि 25,136.20 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 24,793.25 अंक की तुलना में 1.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,112.40 अंक पर बंद हुआ।

### सोना 758 गिरकर 98,503 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को गिरावट देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 758 गिरकर 98,503 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोना 99,261 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,791 गिरकर 1,05,592 प्रति किलोग्राम हो गई है। ये 1,07,383 पर बंद हुई थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,630 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,250 रही, वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 रही। चेन्नई 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,100 रही।

# अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी, चीनी सस्ती

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही जबकि चीनी सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 11 रिंगिट फिसलकर 4067 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.45 सेंट की गिरावट के साथ 55-22 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सूरजमुखी तेल 365 रुपए, सोया रिफाइंड 183 रुपए और पाम ऑयल 333 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए। वहीं सरसों तेल,



मूंगफली तेल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 300 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहेः- दाल-दलहनः चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7600- 7700, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 16849 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# फिरोजाबाद में हत्या और लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार भोर पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद हत्या और लूट के आरोपी को मार गिराया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को आज तड़केहत्या लूट के वांछित अपराधी राजू खान के क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर से मिली थी, जिस पर थाना पुलिस एसओजी और सर्विस लॉन्स टीम ने सीओ प्रवीन तिवारी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण विसेन के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदमाश की घेराबंदी की और नोवा फैक्ट्री के पास बदमाश को आत्म समर्पण के लिए कहा गया मगर बदमाश ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षार्थ जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की गई जिसमें बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई है। राजू खान मूल रूप से रामगढ़ के रैपुरा का निवासी है, जो हाल में शाहगंज आगरा में रह रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने संबंधित मामले मे राजू खान की उपचार के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाश राजू खान पर पांच मार्च को शिकोहाबाद के बंसी नगर में मुन्ना लाल यादव और उनकी पत्नी मिथलेश यादव की हत्या कर लूट का आरोप है।

इसके अलावा 15 जून को गांव मलखानपुर में एक वृद्ध महिला श्रीमती सूरजमुखी की घर के वाहर सोते समय लूटपाट कर हत्या का प्रयासकर गम्भीर रूप से घायल किया गया। राजू वृद्ध लोगों को अपना शिकार बनाता था, जो हाल में आगरा रह रहा था। आगरा से आकर वारदात को अंजाम देता था। दो सौ सीसीटीवी फुटेज केमरों की निगरानी के बाद उसे चिन्हित किया गया। राजू खान की गिरफ्तारी के लिए उप महा निरीक्षक आगरा परीक्षित द्वारा 50 हजार का तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। बदमाश राजू खान के उपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिसके पास से अवैध पिस्तौल भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और खाली खोखा भी बरामद किए गए हैं।

**■ 75 हजार का इनाम था, राजू खान के ऊपर कई मुकदमे भी दर्ज थे**

# रमण ने संभाला पीएफआरडी अध्यक्ष का पदभार

**नई दिल्ली, वार्ता**

शिवसुब्रमण्यम रमण ने शुक्रवार को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार रमण को भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल, 2025 की अधिसूचना के तहत पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेशों तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त किया गया है। रमन 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईए एंड एएस) अधिकारी हैं। पीएफआरडीए में आने से पहले उन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने पहले भी नेतृत्व के कई पदों पर कार्य किया है, जिसमें भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (एसआईडीबीआई) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (एनईसीएल) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और झारखंड राज्य के प्रधान महालेखाकार शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2006 से 2013 तक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और फिर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी कार्य किया। श्री रमन के पास अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री और दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री है। उनके पास कई पेशेवर और शैक्षणिक योग्यताएं भी हैं। इनमें लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से वित्तीय विनियमन में एमएससी, एलएलबी, इंडियन स्कूल ऑफ़ बिज़नेस से चीफ डिजिटल ऑफिसर सर्टिफिकेशन, इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंटरनल ऑडिटर्स (आईआईए), फ्लोरिडा से प्रमाणित आंतरिक लेखा परीक्षक क्रेडेंशियल और सिक्योरिटीज़ लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शामिल हैं।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अलग-अलग स्थानों पर दो की मौत

## पानीपत हाईवे पर बाइक सवार को ट्रक ने कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** पानीपत खटीमा हाइवे पर अज्ञात ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार मजदूर घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मीरापुर क्षेत्र के गांव संभलहेड़ा निवासी 18 वर्षीय युवक नौशाद पुत्र अमजद कवाल के ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। बृहस्पतिवार की रात में नौशाद बाइक द्वारा कवाल के ईंट भट्टे पर काम समाप्त करके अपने घर जा रहा था। जैसे ही यह पानीपत खटीमा हाइवे की गांव पिमौड़ा पुलिया के सामने पहुंचा तो पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नौशाद गंभीर रूप से घायल हो गया।

किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नौशाद को उपचार के लिए सीएचसी में पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान नौशाद की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिवार गम में डूब गया।

पुलिस ने नौशाद के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भैंसी गांव में युवक ने घरेलू कलह में नस काटकर जान दी

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव भैंसी में घरेलू कलह से परेशान एक युवक ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए अपने हाथ की नस काट ली। गंभीर अवस्था में परिजनों ने उसे आनन-फानन में खतौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिट्टू (पुत्र आजाद) निवासी गांव भैंसी के रूप में हुई है।

परिजनों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से पारिवारिक तनाव में था। गुरुवार को उसने घर में ही किसी धाारदार वस्तु से अपने हाथ की नस काट ली। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, तब तक वह खून से लथपथ हो चुका था। परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे सीएचसी खतौली पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

गांव में भी शोक की लहर दौड गई है। वही मृतक के परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से इंकार किया है। ग्रामीणों का कहना था कि मृतक मानसिक रूप से बीमार था।

## सांसद ने किया बार के सौर ऊर्जा का उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार एसोसिशन के शीतवाद में सौरऊर्जा उपक्रम का सांसद हरेन्द्र मलिक ने अधिवक्ताओं के साथ उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि बार एसोसिएशन का यह कदम सराहनीय है। उन्होने कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में जागरूकता बढेगी और ऊर्जा की बचत को भी बढ़ावाया मिलेगा। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सौर ऊर्जा उपक्रम में पार्क की बिजली की आवश्यकता पूरी होगी। इसके माध्यम से पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। यहां पहुंचे सांसद हरेन्द्र मलिक का जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव के साथ कार्यकार्यरिणी के सदस्यों ने बुके भेट कर स्वागत किया।

# रुड़कली मे नम आंखों के साथ मासूमों के उठे जनाजे

## हजारों ने मिट्टी देकर अरहान, अनाया को किया सुपुर्द खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** रुड़कली तालिब अली गांव मे दो दिनों से हड़कंप मचा हुआ है। जन्म देने वाली मां मुस्कान द्वारा आशिक जुनैद संग मिलकर दो मासूम बच्चों के कत्ल करने की घटना ने प्रत्येक को झकझोर दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की सुबह दोनों भाई बहन के शव को गमगीन माहौल मे सुपुर्दे खाक किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालिब अली मे गुरुवार की दोपहर मौ. वसीम के चार वर्षीय पुत्र अरहान व 12 माह की बेटी अनाया की मौत संदिग्ध परिस्थितियों मे हो गयी थी। मासूम बच्चों की मौत से गांव मे जहां हड़कंप मच गया था वहीं माता मुस्कान द्वारा बच्चों की हत्या करने व प्रेम प्रसंग की चर्चाएं भी आम हो गयी थी। मौ. वसीम जो की वेल्डिंग मिस्त्री है। जो तीन दिन पूर्व कार्य करने चंडीगढ़ गया हुआ था।वसीम की गैर मौजूदगी मे मुस्कान द्वारा अपने दो बच्चों की जान चाय आदि मे जहर देकर कर दी गयी। गुरुवार को ही प्रत्येक व्यक्ति दबी जुबान मे हत्या की बात कह कर मुस्कान पर थू थू कर रहा था। औपचारिक पूछताछ मे विरोधाबास से हुए शक के बाद पुलिस ने मुस्कान को हिरासत मे लेकर गहनता से पूछताछ शुरू कर दी थी। जिसके शुक्रवार को पुलिस द्वारा घटना का खुलासा कर दिया गया। जिसमें मुस्कान ने अपने आशिक जुनैद संग मिलकर बच्चों की हत्या करना स्वीकार कर लिया। जहां मुस्कान को पुलिस ने जेल भेज दिया वहीं जुनैद की गिरफ्तारी को लेकर ताबड़तोड़ दबिश उसके गांव खेड़ीफिरोजाबाद मे दी हैं। अरहान व अनाया की हत्या को लेकर पूरे क्षेत्र मे सनसनी व्याप्त है। क्षेत्रवासियो ने मानवता के दुश्मन दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



मोरना: मृतक मासूम बच्चों के फाइल फोटो।

## क्यूं पड़ जाता है जज्बात रिश्तों पर भारी, मासूमों की जाती हैं जान

### अपनों के खून से खेलने की घटना हुई कई बार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र मे अक्सर जज्बात खून के रिश्तो पर भारी पड़े हैं। क्षेत्र के गांव नंगला बुजुर्ग मे पिता शमीम द्वारा 2 मई 2018 को दो वर्षीय मासूम लायबा नूर की हत्या गन्ने के खेत मे गला काटकर कर दी गयी थी जिसकी हत्या की साजिश रचने मे माता खुशनसीब भी आरोपी है। दोनों माता पिता अभी तक जेल मे है इस घटना ने तब प्रत्येक को झकझोर दिया था। इसके अलावा 29 जून 2018 को गांव तेवडा मे पुत्री शाकिरा की हत्या, 13 फरवरी 2022 को गांव खेड़िफिरोजाबाद मे पांच वर्षीय मासूम बालिका आयत की पिता शाहनवाज द्वारा हत्या, 9 अक्टूबर 2024 को गांव बेलडा मे एक माह की मासूम शगुन की माता पिता द्वारा तंत्र विद्या के लिए बलि देना। तथा बीते 13 फरवरी को गांव छछरौली मे माता विनती द्वारा स्वयं जहर का सेवन करने सहित पुत्री गजल 13 वर्ष व सृष्टि 11वर्ष को जहर देकर हत्या करने जैसी घटनाओ ने समाज पर भारी चोट करने का कार्य किया है।

# ठगी में तीन युवक गिरफ्तार

## मंसूरपुर में जन सेवा केन्द्र संचालक को बनाया था शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर मिल में जन सेवा केन्द्र संचालक से टुरिस्ट बनकर लूटी गई हजारों की नगदी ठगने वाले युवकों को मंस. ूरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 35 हजार रूपयें व आधा दर्जन से अधिक मोबाइल बरामद होना बताया है।

पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मसूंरपुर पुलिस ने तीन साइबर ठगो को दबोचा है और इन्होने मंसूरपुर मिल में प्रिंट प्रेस और जन सेवा केन्द्र चलाने वाले अमित पुत्र यशपाल सिंह के साथ घटना की थी जन सेवा केन्द्र पर पहुंचे तीनों युवकों ने खुद को टुरिस्ट बताते हुए जेब से रकम खोन की बात की थी और युवकों ने खाते में ऑनलाइन रकम डालने को कहा। अमित कुमार उनके झांसे में आ गया और 84000 रूपये अपने एकाउंट में डलवा लिए जब रूपये आने का मैसेज आया तो उनको केश पकडा दिया गया।

इसी बीच उसे ठगी का एहसास हुआ। एसएसपी ने बताया कि मंसूरपुर पुलिस ने भागदौड कर आलोक, मोनू, अमन वर्मा निवासी नागलोई दिल्ली को गिरफ्तार किया। आरोपी केटीएम कम्पनी में काम करते थे और इन्होने तकनीकी जानकारी होने का लाभ उठाते हुए ठगी का काम शुरू कर दिया था। आरोपियों के पास से एक लाख 35 हजार की नगदी, आठ मोबाइल, तीस आधार कार्ड, तीस पेटीएम बॉक्स तथा एक कार बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह में ओर भी लोग शामिल है जिनकी तलाश की जा रही है।

# जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां पूरी

## मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे प्रभारी मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले भर में विश्व योग दिवस आज उत्साह के साथ मनेगा। पिछले एक सप्ताह से चल रहे विभिन्न कैंपों के बाद आज डीएवी इंटर कालेज के मैदान में विशाल योग कैंप लगेगा, जिसमें जनपद के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ योग करने के लिए प्रभारी मंत्री सामेंद्र तोमर पहुंचेगे। इसके साथ ही जनपद की सभी तहसीलों पर योग होगा, जिसमें सरकारी कर्मचारी, अधिकारियों के साथ आम लोग भी भाग लेंगे।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के तत्वावधान में आज योग का विशेष शिविर डीएवी इंटर कालेज में आयोजित होगा। योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उर्जा राज्यमंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डा. सोमेंद्र तोमर पहुंचकर स्थानीय अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य के साथ योग में शामिल होंगे। योग कार्यक्रम में योगासन से पूर्व साढ़े छह बजे द्वीप प्रज्जवलित मुख्य अतिथि द्वारा होगा, जिसमें डीएम, सीडीओ सहित अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे। इसके बाद सात बजे योगाभ्यास शुरू होगा।

# टाउनहाल से नगर पालिका की सम्पत्ति चोरी

## वीडियो वायरल होते ही मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका की संपत्तियों की सुरक्षा पर एक बार फिर उस वक्त सवाल उठने लगे जब शहर के बीच स्थित नगर पालि. का के मुख्य कार्यालय टाउनहाल परिसर से दिनदहाडे लाखों रुपये कीमत की पालिका संपत्ति चोरी हो गई और पालिका प्रशासन बेखबर रहा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी ईओ डा. प्रज्ञा सिंह को तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश देकर पूरे मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है । इस पर ईओ डा. प्रज्ञा सिंह ने कर विभाग के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर एफआईआर कराने के निर्देश जारी कर दिये हैं।

दरअसल पालिका में हो रही चोरी की घटना का उस वक्त खुलासा हुआ जब चोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में पालिका की एक छोटी ट्रैक्टर-ट्रॉली में कुछ होर्डिंग फेम और अन्य लोहे के सामान को तीन लोग टाउन हाल परिसर से बाहर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। बताया गया कि ये सभी सामान पहले कर विभाग द्वारा जब्त किए गए थे और पालिका की संपत्ति के रूप में बंधक रखे गए थे। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इसे पालिका की प्रतिष्ठा पर आघात बताते हुए कहा कि यह पूरी तरह आपराधिक कृत्य है और इससे पालिका की छवि आम जनता में धूमिल हो रही है। जांच में पता चला है कि चोरी में पालिका का संविदाकर्मी संजीव कुमार और उसके दो परिचित युवक शामिल हैं।



ये लोग बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के पालिका की संपत्ति को वाहन में भरकर ले गए। जिसके बाद यहां पालिका परिसर में तैनात सुरक्षा एजेंसी और गार्ड की लापरवाही भी उजागर हुई है।

### ईओ ने दिए मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** घटना की गंभीरता को देखते हुए ईओ डा. प्रज्ञा सिंह ने कर विभाग के प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने और मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। डा. सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें गार्ड से मिली थी। ईओ ने स्पष्ट किया कि चेयरपर्सन के निर्देशों के अनुपालन में मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और यदि यह बिना अनुमति के संपत्ति बाहर ले जाई गई है तो आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कडी कार्रवाई की जाएगी।





पत्रकारों को रुड़कली में मासूमों के कत्ल के खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

# टिकैत के शहरी आवास के पास गंदगी के ढेर

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के शहर स्थित आवास के बाहर गंदगी के ढेर और सड़क पर भरे बदबूदार पानी ने सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत के निजी सचिव कमल मित्तल ने इस सम्बन्ध में चौधरी राकेश टिकैत का पत्र जिलाधिकारी को सौंपते हुए उन्हें अवगत कराया कि परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में रहने वाले लोग पिछले एक वर्ष से नारकीय जीवन जी रहे हैं। परिक्रमा मार्ग पर पिछले एक वर्ष से भरे बदबूदार पानी की समस्या का स्थाई रूप से समाधान नहीं होने से यहां के लोग नारकीय जीवन जी रहे। डीएम ने आश्वासन दिया कि उक्त नाले का पुन: निर्माण कराकर एवं सडक निर्माण कराकर इस समस्या का स्थाई समाधान कराया जाएगा।

# प्रेमी को पाने के लिए मां बनी मासूमों की कातिल

## महिला गिरफ्तार, प्रेमी जुनैद की तलाश में पुलिस पहुंची खेड़ी फिरोजाबाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिन बच्चों की लाश में पर माँ रो-रो कर बेहोश हो रही थी वहीं उनकी कातिल निकलेगी ये किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था। अवैध संबंध को छुपाने के लिए अपने ही मासूमों का कत्ल कर देगी, यह सोचकर लोग हैरान है इतना ही नही कुछ लोग तो इस बात को लेकर एहसास कर रहे है कि नौ माह पेट में रखकर उनको जन्म देने वाली मां ही हत्यारन ही बन जाएगी यह कोई सोच भी नहीं सकता। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर प्लानिंग से की गई हत्या का खुलासा कर दिया है। हत्यारन माँ बच्चों को मौत की नींद सुलाने के बाद प्रेमी से निकाह करने का प्लान बना चुकी थी, लेकिन अब उसको जेल की सलाखों में दिन रात गुजारनी पडेगी।

शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में हुई प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल संयुक्त रूप से बताया कि गत दिवस भोपा क्षेत्र के गांव रूड़कली में मासूम भाई-बहन की सनसनी खैज हत्या हो गई थी। मामला रूडकली निवासी वसीम के घर हुआ था। वसीम के पांच वर्षीय मासूम बेटे अरहान और एक वर्ष की दुग्ध मुही बच्ची इनाया की अचानक मौत हो गई थी। और दोनो के शव घर पर चरपाई पर पडे हुए थे। मौके पर पहुंची पुलिस शुरू से ही इस मामले को संदेह की नजर देख रही थी इसीलिए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो पता चला कि जहरीला पदार्थ खाने से मासूमों की मौत हुई है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि मृतक बच्चों का पिता चंडीगढ़ में वेल्डिंग का काम करता है और उसके घर खेडी फिरोजाबाद जुनैद का आना जाना था। कॉल डिटेल खंगालने के बाद बच्चों की मां संदेह की घेरे में आई थी और जब मुस्कान से सवाल जवाब किए गए तो वह घबराने लगी थी, हालांकि बच्चों की लाश पर वह रोने बिलखने के साथ बेहोश होने का नाटक कर रही थी। एसएसपी ने बताया कि महिला ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसके पति अक्सर बाहर रहते है और उसने जुनैद से अवैध संबंध बना लिए थे और वह अब दोनो निकाह करने की योजनाएं बना रहे थे। बच्चों की मौत की योजना उस वक्त बनाई गई जब जुनैद ने मासूम बच्चों को खर्च उठाने से साफ इंकार कर दिया तो मां आशिक को पाने के लिए अपने जिगर के टुकडों के कत्ल में शामिल हो गई और रसगुल्लो में किटनाशक दवाई का सेवन करा दिया जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मुस्कान को गिरफ्तार कर लिया है।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
UNIVERSITY GRANT COMMISSION A++ NAAC UGC
www.srgcmzn.com | src_mzn@rediffmail.com

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm

Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm

Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc- Agronomy, Agri Chemistry & Soil Sc | BSc- Phy, Chem, Mathematics, Zoology, Botany MSc- Maths, Chemistry Zoology, Botany | BSc/ MSc- Biotech, Microbio BSc- Clinical Nutrition & Dietetics | MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing &Textile | BAJMC | MAJMC | BPES | BPEd | MPEd | BEd | MEd
Apprenticeship Embedded Degree Programms (AEDP)- BCom - Banking, Financial Services & Insurance, BSc - Tourism & Hospitality Management

According to NEP 2020, by the year 2030, the ITEP will become the minimal degree qualification for school teachers
ITEP (Integrated Teacher Education Program)
BABEd @ Preschool/ Primary/ Secondary/ Senior Secondary Level
BScBEd @ Preschool/ Primary/ Secondary/ Senior Secondary Level
BComBEd @ Senior Secondary Level
Shri Ram College is the only one college of the Western UP having ITEP in all disciplines & levels

Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development

For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

# जलकर की पेनल्टी पर कम से कम 70 प्रतिशत छूट मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना बोर्ड की बैठक शुक्रवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से बोर्ड सदस्यों ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए। चेयरपर्सन उमा त्यागी की अध्यक्षता में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें 17 सभासदों में से 16 सभासद बैठक में मौजूद रहे। सब प्रस्तावों का 10 सभासदों ने समर्थन किया। सभासदों की सहमति से बोर्ड का बड़ा फैसला ये रहा कि गृहकर व जलकर की पेनल्टी पर कम से कम 70 व अधिकतम 100 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। बैठक में चेयरपर्सन उमा त्यागी, सभासद फरीदा उस्मानी, नियम पंवार, नसीम सिद्दीकी, इमरान कुरैशी, सलीम कुरैशी, राशिद भूरु कुरैशी, सुनीता, नितिन शर्मा, साबरा कुरैशी, नूरजहां नाज मंसूरी, गुलफाम खान, अजय संगल, योगेश प्रजापति, सुमन, पुष्पा व उषा मौजूद रहे। बैठक में ईओ आलोक रंजन, वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार मौजूद रहे। जिन प्रस्तावों पर मुहर लगी उनमें हाउस टैक्स व वाटर टैक्स पर पेनल्टी को कम से कम 70 प्रतिशत तक माफ की गई। कस्बे के मुख्य चौराहों व तिराहों का आधुनिक तरीके से सौंदर्यकरण होगा।

कस्बे में प्रस्तावों के आधार पर सड़क आदि के निर्माण कार्य होंगे। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कांवड़ियों हेतू बेहतर सुविधाएं दी जाएगी। सब आवश्यक व्यवस्थाएं होंगी। कस्बे में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर शुल्क का प्रस्ताव ईओ आलोक रंजन की ओर से रखा गया था लेकिन सभी सभासदों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव को पास नहीं किया।

सर्व सम्मति से सभी प्रस्ताव पास हुए। विकास प्रस्तावों का समर्थन करने वाले सभी सभासदों का चेयरपर्सन उमा त्यागी और ईओ आलोक रंजन ने धन्यवाद किया और कहा कि हमारी को. शिश सभी को साथ लेकर कस्बे का सर्वांगीण विकास करने की पहले से थी, है और हमेशा रहेगी। योगपुरा रोड पर बने रोडवेज बस स्टैंड को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। दरअसल, एआरएम परिवहन की ओर से निरीक्षण कर कार्य कराने की बात कही थी लेकिन सभासदों ने सर्वसम्मति से कहा है कि पहले आंकलन किया जाए कि नगर पंचायत को इससे क्या आय होगी और कितना खर्च कार्यों में आएगा।




नगर पंचायत बुढ़ाना की ओर से भव्य बुढ़ाना महोत्सव का आयोजन होगा। जून 1866 में बुढ़ाना नगर पंचायत की स्थापना हुई थी। जून माह में बुढ़ाना महोत्सव कराया जाएगा। इस बाबत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से बोर्ड बैठक में पास हुआ है। कुल मिलाकर पहली बार मीटिंग हंगामे से दूर रही।

## प्रतिभाएं प्रोत्साहित होकर इतिहास रचती हैं : चौ. रविन्द्र

**मोरना।** प्रत्येक वर्ष की भाँति राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने अपने समाज की प्रतिभाओं को अलंकृत कर उनका सम्मान एवं प्रोत्साहन किया। शुकतीर्थ स्थित गुर्जर धर्मशाला मे आयोजित कार्यक्रम में 461 छात्र - छात्राएं अलंख्रत एवं प्रोत्साहित हुए । मेधावियों के साथ उनके अभिभावक गण व समाज के कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. रविंद्र सिंह गुर्जर ने की एवं कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह व चौ. प्रमोद तंवर ने किया। मुख्य व्यवस्थापक अंजू गुर्जर रही, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदकिशोर गुर्जर विधायक लोनी व विशिष्ट अतिथि बंकरमैन के नाम से प्रसिद्ध रि. मेजर जनरल डॉ. श्रीपाल नागर, कुमारी सोनिका नागर, साइबर सुरक्षा सलाहकार सुंदर सिंह खारी व चौ. विनय कुमार माँडला आदि रहे।

# किसान की कुएं में गिरकर हुई दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना।** कुएं की छत की सफाई कर रहा एक किसान छत की कमजोर कड़ियां टूटने के कारण काफी गहरे कुएं में जा गिरा। जहां पर उसकी दर्दनाक मौत हो गयी तो परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव इटावा निवासी लगभग 50 वर्षीय रविंद्र सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह आज सायं के समय अकेले ही रोजाना की भांति अपने खेत पर गया हुआ था। तब वह टड्बवैल के कुएं की छत पर चढ़कर छत की सफाई कर रहा था कि अचानक से जर्जर अवस्था में पड़ी छत की तीन कड़ियां अचानक से टूट गयी। इससे पहले रविंद्र सिंह कुछ समझ पाता तब तक देर हो चुकी थी और वह कड़ियों समेत ही नीचे गहरे कुए में जा गिरा। जहां सिर में नालघ् लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। उसके कुएं में गिरने की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए तुरंत घटनास्थल पर आए और रविंद्र को कुएं में पड़े देखा तो उन्होंने रविंद्र सिंह के परिजनों को इस घटना की सूचना दी तो कुछ ही देर बाद मौके पर परिजन आ गये और पड़ोसियों की सहायता से काफी मशक्कत के बाद रविंद्र सिंह को कुएं से निकालकर बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने किसान रविंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। जिसको लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## सठेड़ी गांव में प्रशासन के खिलाफ उबाल

**बुढाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव सठेड़ी में ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व प्रधान विदुर मोहन त्यागी ने तहसीलदार, पटवारी और कानूनगो को रिश्वत देकर सरकारी खातों के रास्ते जबरन खुदवा दिए हैं। इन रास्तों के नीचे केंद्र सरकार के जल विभाग द्वारा डाली गई पाइपलाइन दबाई गई थी जो इस अवैध खुदाई के चलते टूट गई। ग्रामीणों का कहना है कि इस तोड़फोड़ के जिम्मेदार सीधे तौर पर तहसील प्रशासन के ये अधिकारी हैं जिन्होंने पैसे लेकर यह गलत काम करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ते उनके खेतों तक पहुंचने और गोबर से कुड़ी के गड्ढे भरने के लिए अत्यंत आवश्यक है। अब जब रास्ते ही खुद गए हैं तो किसान अपना गोबर कहां डालें? इससे गांव की साफ-सफाई व्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ा है। ग्राम वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि आज शाम तक रास्ते फिर से चालू नहीं कराए गए और गड्ढे बंद नहीं किए गए तो कल से सठेड़ी गांव के लोग बुढाना तहसील में प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। टूटी पाइपलाइन तुरंत ठीक हो। रास्ते को जल्द से जल्द दोबारा खुलवाया जाए।

# सैकड़ों ग्रामीणों ने थामा आसपाकां का दामन

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में आज शुक्रवार के दिन आजाद समाज पार्टी कांशीराम की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिले के कुछ पदाधिकारी, विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के अध्यक्ष और कुछेक पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यहां पर सैंकड़ों ग्रामीणों ने आजाद समाज पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम का दामन थामा और जय भीम जय भारत जय संविधान के नारे लगाए। इस दौरान आसपाकां नेता दिनेश कुमार ने कहा कि आने वाला कल आजाद समाज पार्टी कांशीराम का ही है।



इसलिए सभी ग्रामीण एकजुट होकर आजाद समाज पार्टी कांशीराम को मजबूत करने का काम करें क्योंकि सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ही इस देश से महंगाई और भ्रष्टाचार को दूर करने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर जाति का व्यक्ति आजाद समाज पार्टी कांशीराम में आस्था जता रहा है। वो दिन दूर नहीं है जब देश में आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सरकार होगी और देश में प्रधानमंत्री सांसद चंद्रशेखर आजाद होंगे। बैठक में सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। जिन्होंने आजाद समाज पार्टी कांशीराम की सदस्यता ग्रहण कर सांसद चंद्रशेखर आजाद में आस्था जताई।

# आर्ट ऑफ लिविंग के तीन दिवसीय शिविर का नीलम राय वर्मा ने किया शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा (आर्ट ऑफ लिविंग की अध्यापिका) द्वारा 3 दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर (आर्ट ऑफ लिविंग) का रिजर्व पुलिस लाइन में शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के पुलिसकर्मियों को ध्यान व योगाभ्यास कराया गया तथा जीवन मे प्रसन्नता, रोग प्रतिरा. `धक क्षमता एवं कार्यक्षमता बढ़ाने की बारीकियों के सम्बन्ध में सभी को किया गया प्रेरित।'

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन 3 दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर कार्यक्रम आयोजित' किया जा रहा है जिसका शुभारंभ एसएसपी ने दीप प्रजवल्लित कर व आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर की तस्वीर पर मालयार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में नीलम राय वर्मा द्धआर्ट ऑफ लिविंग की अध्यापिकाऋ द्वारा मौजूद 45 पुलिकर्मियों को शारीरिक व स्वास्थ्य के दृष्टिगत योग, ध्यान, प्रणायाम की सरल व आसानी से अपनाई जाने वाली प)ति का परिचय देते हुए ध्यान व योगाभ्यास कराया एवं उन्होंने बताया गया कि इस आनन्द अनुभूति शिविर को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य योग से होने वाले विशेष परिणाम है जिससे मानव का शारीरिक विकास होता है सभी को योग और ध्यान के साथ प्राणायाम- की क्रियाओं को प्रतिदिन करने की नवीनतम विधियाँ बतायी गयी' एवं -सुदर्शन क्रिया, उपनयन सहित योग, ध्यान, प्राणायाम'- को अपने जीवन में लाने का संदेश दिया गया ।

शिविर में संयोजक महोदया ने साधकों को बताया कि सुदर्शन क्रिया के अलावा श्वास तकनीक से भी तनाव दूर करने, एकाग्रता बढ़ाने, आत्मब्विास बढ़ाने, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, सकारात्मक ख्रष्टिकोण बढ़ाने, आत्मनिर्भरता की पहचान करने, इच्छाशक्ति को मजबूत करने में मदद मिलती है। समन्वय, प्रसन्नता, रोग प्रतिरोधक क्षमता, कार्यक्षमता बढ़ाने के अलावा योग और प्राणायाम का प्रयोग बहुत सी बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है।



# योग भारत की पहचान है इससे विश्व को ज्ञान मिलता है : सुभाष चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में योग सप्ताह, योग दिवस के अवसर पर जिला परिषद मार्केट में एक योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें योग गुरु श्री साईं राम, उनके सहयोगी मुकेश ढींगरा ने सभी केमिस्ट भाइयों को योग की दीक्षा दी।

इस अवसर पर श्री साईं राम ने योग व ज्ञान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि योग के द्वारा असाध्य रोगों को भी ठीक किया जा सकता है योग, ध्यान द्वारा मन , मस्तिष्क, को शांत कर रक्त चाप, मधु मेह जैसे रोगों से ठीक हो सकते है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने कहा कि 21 जून को मनाया जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस वर्ष 2025 के थीम की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा कर दी गई है इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग, यह थीम वसुदेव कुटुंबकम यानी संपूर्ण पृथ्वी एक परिवार है के वैश्विक विचार को बल देती है और योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित है जिसमें न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य बल्कि पूरे ग्रह का स्वास्थ्य शामिल है। इस अवसर पर सुभाष चौहान, प्रमोद मित्तल , आर के गुप्ता, सतपाल सिंह, प्रमोद पोपली, पंकज तनेजा, सतीश तायल, दिव्य प्रताप , मनोज गर्ग, सचिन त्यागी, मुकेश शर्मा , आदित्य जैन , दीपक गर्ग संदीप भारद्वाज, मुकेश सोम, संदीप चौहान, आदि केमिस्ट लोगों ने योग शिविर मे भाग लियाा।



# विशेष स्थान प्राप्त करने वाले प्रधानाचार्य हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा में बुढ़ाना ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल राजपुर-छाजपुर के 17 विद्यार्थियों ने तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर अटेरना के 04 विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह परीक्षा पास की थी। जिसके तहत सभी 21 विद्यार्थियों को 04 वर्ष तक एक हजार रूपये प्रतिमाह स्कालरशिप मिलती रहेगी।

बताया जाता है कि इन दोनों ही विद्यालयों के दोनों प्रधानाध्यापकों को जिला मुख्यालय पर आमंत्रित कर मुजफ्फरनगर जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने एक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रशघस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## योग से मिलती है मानसिक शक्तिः मनीष चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** भारत स्काउट और गाइड द्वारा वैदिक पुत्री पाठशाला इंटर कॉलेज नई मंडी में आयोजित तीन दिवसीय योग शि. विर का शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने भाग लिया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि योग साधना से मानसिक रूप से हमें शक्ति प्राप्त होती है। योग और प्राणायाम अपनाकर ही हम स्वस्थ रहे सकते हैं, निरोगी बन सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ 19 जून को जिला अधिकारी एवं स्काउट संस्था अध्यक्ष उमेश मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास के संरक्षण में आयोजित इस शिविर का संचालन जिला मुख्य आयुक्त डॉ. कंचन प्रभा शुक्ला, स्काउट कमिश्नर विजय कुमार शर्मा, सहायक गाइड कमिश्नर रेणु गर्ग, सचिव अनिल कुमार कौशिक और कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा द्वारा किया गया।

# कई जिलों के किसान करेंगे एसएसपी कार्यालय का घेराव : संजीव तोमर

**छपार।** रामपुर तिराहा स्थित भारतीय किसान यूनियन तोमर के कार्यालय पर बुलाई गई आपातकालीन बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने कहा कल मंडी कोतवाली में जो निहत्थे किसानो पर लाठी चार्ज किया है वह बहुत ही दुख घटना है। और कहा कि मंडी कोतवाल ने जिस तरीके से ताली बजाकर किसानो पर लाठी चार्ज कराया वो बहुत ही निंदनीय है। और शर्मनाक घटना है और कल धरने प्रदर्शन के दौरान जिस तरीके से लाठीचार्ज हुआ है वो पूरे तरीके से लोकतंत्र कि हत्या कि गयी है। और जिस तरीके से भाकियू द्धतोमरऋ के युवा प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर के नेतृत्व मे शान्ति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन चल रहा था लेकिन उसके बाद भी मंडी कोतवाल दिनेश बघेल ने लाठी चार्ज कर दिया कल फिर से ब्रिटिश हुकूमत कि याद दिलाने काम किया है। और दिनेश बघेल कि सोच से लगता है कि ये अंग्रेजी हुकूमत के कोतवाल है क्योकि ऐसी विचार धारा का कोतवाल हमारी सरकार का नही हो सकता चौधरी संजीव तोमर ने कडे शब्दों मे कहा कि संगठन आगामी 2 जुलाई को एस एस पी आफिस पर अनिश्चितक. ालीन प्रदर्शन करेगा और जब तक कोतवाली मंडी इंचार्ज दिनेश बघेल, सिपाही रजनीश शर्मा और सिपाही विनोद कुमार सस्पेंड नही होते है तब तक पंचायत जारी रहेगी संजीव तोमर ने कहा है कि जो कल किसानो के सर और कमर पर लाठी पडी है वो मेरे सर पर और कमर पर लगी है। जिस किसान का भी लाठी चार्ज के दौरान खून बहा है उस खून कि एक एक बूंद का हिसाब लिया जायेगा संजीव तोमर भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि जिले मे नये कप्तान आये लेकिन कल कि घटना से लगता है कि उनका अपने विभाग पर कंट्रोल नहीं है। आगामी 2 तारीख को पड़ोसी जिलो के किसान भी दल बल के साथ एस एस पी आफिस पर पहुंचेंगे।इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार इन्द्रजीत सांग. वान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रवण त्यागी, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हबीब गुर्जर, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष महबूब, युवा विग प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर, सहारनपुर युवा जिला अध्यक्ष सौरव त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रिहान चौधरी, युवा जिला सोनू चौधरी, दीपक तोमर, मुकेश गुर्जर हनी बालियान,अजय त्यागी आदि मौजूद रहे।



# विवाह समारोह में शामिल होने आई महिला से छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवादद**

**मीरापुर।** थाना मन्सूरपुर निवासी एक विवाहिता 16 जून को अपनी बहन की शादी में शामिल होने के लिए ग्राम तुल्हेड़ी आई थी। इसी दौरान गांव के ही युवक जीशान पुत्र हसरत ने रास्ते में रोक. कर उसके साथ छेड़छाड़ की और उसकी फोटो इंस्टाग्राम स्टेटस पर डाल दी।

आरोप है कि आरोपी बार-बार उसके मोबाइल पर फोन कर गाली-गलौच भी करता रहा। जब पीड़िता के भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपी जीशान ने अपने भाई नौमान और पिता हसरत के साथ मिलकर शरीफ की पिटाई कर दी। पीड़िता का यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने तीनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 7284/16.07.2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अरहान अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**इमरान**
**ग्राम बघरा, मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र उपेन्द्र दत्त कौशिक उर्फ गुड्डू मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**नारायण दत्त कौशिक**
**पुत्र केवलराम**
**निवासी-कैल्लनपुर**
**थाना पुरकाजी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# 200 बालक-बालिकाओं व 300 प्रौढ़ शिविरार्थी को सम्मानित किया

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवम उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के संयुद्र तत्वावधान में आयोजित जैन संस्कार एवम नैतिक शिविर का पुरस्कार वितरण का भव्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें 200 बालक बालिकाओ व 300 प्रौढ़ शिविराथह्न को सम्मानित किया गया बच्चों की बालबोध कक्षा में कविश जैन ने प्रथम स्थान,अतिशय जैन ने द्वितीय और मिष्टि जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रथम ढाल में आरोही जैन ने प्रथम स्थान स्वस्ति जैन ने द्वितीय और सुहानी जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।छठी ढाल की परीक्षा में सरिता जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिन्हें 50 ग्राम चांदी देकर सम्मानित किया गया अनुराग जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें 30 ग्राम चांदी देकर सम्मानित किया गया करुणा जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें 20 ग्राम चांदी देकर सम्मानित किया गया शिविर प्रभारी राजकुमार जैन प्रवक्ता रहे संयोजक सम्यक जैन और समस्त कार्यक्रम का निर्देशन एवम संच. ालन कलपेन्द्र जैन ने किया पुरस्कार शशांक जैन महलका,पंकज सराफ, योगेशचंद सुनील जैन सरार्फ व संदीप जैन की ओर से वितरित किये गए।महामंत्री राहुल जैन पैकर्स ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सुशील जैन जैन मंडी ,राहुल जैन हितेश जैन मनोज आढ़ती मदन जैन निशांत जैन,विनय जैन,नित्यम जैन सार्थक जैन शुभम जैन आगम जैनअंकित अशोक संजय जय भगवान ,सुनील ठेकेदार ,पारस जैन कुलदीप, रजनी,शैलबाला,रीतू सोनम विदुषी शिल्पी,संगीता,अंजू,अंजलि मृदुला जैन अलका जैन रेखा जैन आदि सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## उपचार के बाद वसीला व इकरा की अस्पताल से हुई छुट्टी

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात मे आधी रात को जमील कस्सार की पुत्र वधु शबनम द्वारा निकटवर्ती गांव नयागांव निवासी नाजिम सलमानी के संग रंगलियां मनाते हुए रिश्ते के जेठ ताहिर ने रंगे हाथ पकड़ लिया था।शबनम का पति ज़ीशान दो दिन पहले ी़प दुबई गया था। ससुर जमील द्वारा पुत्र वधू शबनम व उसके आशिक नाजिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने गुरुवार को दोनों को जेल भेज दिया था। वहीं बेहोश हालत मे अस्पताल मे भर्ती 48 वर्षीय वसीला व 14 वर्षीय इकरा को तबियत मे सुधार होने पर घर भेज दिया गया। घटना को लेकर शुक्रवार को जमील के घर पर परिर्. चतो का आना जाना लगा रहा। तथा ग्रामीण घटना को शर्मनाक कहते नजर आये।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**
**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती स्वाति अग्रवाल पत्नी श्री विपुल कुमार, निवासी म.नं0- 61/27, मौहल्ला-लक्ष्मण विहार तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर,उ.प्र.केद्वाराऑनलाईन मानचित्र संख्या-MZDA/BP/24-25/0644 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-1697 व 1698, सूजडू (बाहर), तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर के कुल नेट क्षेत्रफल 185.65 वर्ग मी. पर 'डायग्नोस्टिक सेन्टर' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अवगत कराना है कि प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-1697 व 1698, सूजडू (बाहर), तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 25 मी चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त (आवासीय) (150 से 400 व्यक्ति/हैक्टेयर) भू-उपयोग में दर्शित है।

मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन (मैट्रिक्स) के 5. 21 के अनुसार 'आवासीय (150 से 400 व्यक्ति / हेक्टेयर)' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'डायग्नोस्टिक सेन्टर' की क्रिया अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के जोनिंग रेगूलेशन के अध्याय-11 के प्रस्तर-11.1.6 (1) के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/ क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य/ विशेष अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु एक माह की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/ सुझाव उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगे एवं इन आपत्तियों/ सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/ अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिनों में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ संस्था/ अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 01 माह की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल ( mdamzn@yahoo.co.in ) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/ सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने पुत्र शाहजमा व उसकी पत्नी श्रीमती सनम को उसकी सम्पत्ति में हिस्से के बदले 9 लाख रूपये दे दिए है। दोनों का रहन सहन हमारे परिवार से अलग है। वे हम से दोबारा नाजायज पैसो की मांग कर रहे हैं और हमारे कहने सुनने से पूर्ण रूप से बाहर हो गए हैं। इस कारण हमने दोनों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य अथवा लेनदेन की हमारी कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मौहम्मद यामीन खां पुत्र मंगू खां**
**श्रीमति राहत**
**पत्नी मौ. यामीन खां**
**निवासी-मौहल्ला देवीदास**
**कस्बा व थाना खतौली,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज करेगा बेसिक शिक्षा विभाग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बेसिक शिक्षा विभाग अब क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के उद्देश्य से स्कूल मर्ज की योजना बना रहा है। इस योजना के तहत ऐसे प्राथमिक विद्यालय, जहां छात्रों की संख्या बहुत कम है या न के बराबर है, उन्हें नजदीकी अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। यह समायोजन न केवल छात्रों का होगा, बल्कि संबंधित शिक्षकों का भी स्थानांतरण किया जाएगा। विभाग ने ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है जहां नामांकन अत्यंत कम है। विभाग का मानना है कि एक ही परिसर में समुचित संख्या में छात्र और शिक्षक मौजूद रहने से शिक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावशाली होगी और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। पेयरिंग की प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिन विद्यालयों में छात्रों को स्थानांतरित किया जा रहा है, वहां इंफ्रास्ट्रक्चर, शौचालय, पेयजल, कक्षा-कक्ष, और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। जांच के बाद ही बच्चों और शिक्षकों का समायोजन किया जाएगा। बता दे कि खतौली ब्लॉक लगभग 140 प्राथमिक विद्यालय है जिनमे से 50 स्कूल ऐसे है जिनमें 50 कम संख्या में छात्र छात्राएं है, ऐसे स्कूलों की सूची तैयार की जा रही है सूची तैयार होने के बाद खतौली क्षेत्र के इन स्कूलो को आस पास के दूसरे स्कूलों मर्ज कर दिया जाएगा। सरकार की इस योजना से शिक्षकों के खेमे में भी खलबली मचनी शुरू हो गई है। शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा इस योजना को लेकर बैठक बुलाई गई है जिसके बाद इस योजना को अमली जामा पहनाया जाएगा।

## खाली स्कूलों में बनेगी बाल वाटिका

शिफ्टिंग के बाद खाली हुए विद्यालय भवनों का भी बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग की योजना है कि ऐसे विद्यालयों को बाल वाटिका के रूप में विकसित किया जाए। यहां बच्चों के लिए पुस्तकालय, खेल सामग्री, स्मार्ट क्लास, और कंप्यूटर कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इससे न केवल भवनों का उपयोग होगा बल्कि छोटे बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर भी मिलेंगे।विभागीय अधिकारियों का मानना है कि विद्यालयों की पेयरिंग के बाद एक ही स्कूल में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध होंगे जिससे विषयवार शिक्षक आवंटन और समय सारणी बेहतर ढंग से बनाई जा सकेगी। शिक्षा विभाग के इस कदम को विद्यालयी शिक्षा के पुनर्गठन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। आने वाले समय में इस योजना के धरातल पर उतरने से गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और प्रभावशाली शिक्षण व्यवस्था की नई तस्वीर उभर सकती है।

## विवाहिता को बहका फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मोरना।** मायका मे रह रही विवाहिता को बहका फुसला कर ले जाने का आरोप पिता ने बाहरी युवक पर लगाया है। पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव खुशीपुरा निवासी महमूद ने थाने पर तहरीर देकर बताया की शाहपुर थाना क्षेत्र कर गांव खतौला निवासी युवक ने उनके गाँव मे ठेके पर जमीन लेकर खेती की हुई थी।दो माह पूर्व युवक जमीन व खेती को छोड़कर चला गया।किन्तु युवक अक्सर रात के वक्त गांव मे इधर उधर घूमता रहता था। जिसे आम बात समझकर नजर अंदाज़ कर दिया गया।पिछले एक माह से उसकी शादीशुदा पुत्री मायका मे ही रह रही थी।आरोपी उसे बहका फुसला कर कहीं ले गया।

# सवा मिनट के वीडियों में दिखी विद्युत जेई संग खींचतान

**बुढ़ाना।** सवा मिनट के एक वीडियो में एक घर के अंदर कुछ ग्रामीण चौकिंग करने आए विद्युत जेई को अंदर घसीटकर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मामले में बुढाना पुलिस ने आरोपी ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल में स्थित बिजली घर के जेई के साथ कुछ ग्रामीणों ने जमकर अभद्रता की। आरोपी एक ही परिवार के कई सदस्य हैं। जिन्होंने जेई को घर में बंधक बनाने की कोशिश की। ये आरोपी जेई पर उस समय भड़के जब बकाया ना जमा करने की दशा में विद्युत कनेक्शन काटे जाने के बाद ये लोग बिजली की चोरी कर रहे थे। बताया जाता है कि गांव बिराल में बकाया जमा न करने पर कनेक्शन काटे जाने के बाद विद्युत उपभोक्ता द्वारा घर में चोरी की बिजली चलाई जा रही थी। इसी सूचना पर मौके पर पहुंचे जेई के साथ एक ही परिवार के चार लोगों द्वारा जेई संग जमकर अभद्रता की गयी। जिसमें जंग बहादुर, वीरेंद्र सिंह, दुष्यंत कुमार और घर का एक और सदस्य मौजूद हैं। जेई ने बताया कि बुढ़ाना डिवीजन में विद्युत बकाया भुगतान की आपूर्ति के चलते जगह-जगह विद्युत टीम द्वारा बकाया भुगतान इकट्ठा कर बिजली चोरी को रोकने को लेकर अभियान चला रखा है। जिसके चलते गांव बिराल में विद्युत टीम के साथ एक घर मे अभद्रता कर उनको बंधक भी बनाने की कोशिश की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बताया जाता है कि जैसे ही परा. सोली पुलिस चौकी के इंचार्ज सुमित कुमार सिंह को जेई के बंधक होने की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत पुलिस बल ले जाकर जेई को बंधन मुक्त कराया। यह घटना वैसे बीते बृहस्पतिवार की है लेकिन आज शुक्रवार के दिन इस घटना का वीडियो वायरल हुआ है।

# पूर्व प्रमुख को विकास पुरुष बता किया भव्य स्वागत



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव सफीपुर पटी में लुहसाना रोड पर आज शुक्रवार के दिन सैंकडों ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के नेतृत्व में बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने सभी ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि वे अपनी माता पाल्लो देवी और अपने खुद के कार्यकाल में समय समय पर काफी विकास कार्य इस सफीपुर पट्टी मे करवा चुके हैं। मेरे गांव मौहम्मदपुर राय सिंह से बुढ़ाना ब्लाक कार्यालय के जाने का रास्ता यही सफीपुर पटी में को निकलता है में आता जाता यहां की समस्याओं को देखता रहता हूं और फिर ग्रामीणों से मिलकर उसका निस्तारण भी करता रहता हूं। आगे भी में आप लोगों की सेवा करता रहूंगा बस पहले की तरह आपके प्यार की जरुरत है। मुझे आप अपनी समस्या बताओ निस्तारण में करुंगा। वैसे भी हम आज सत्ता का हिस्सा हैं। आपके सुख दुख में पहले की तरह शामिल रहूंगा। इस दौरान यहां पर भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार प्रधान, जमात अली, अफसर अली, नासिर, इरशाद, अख्तर, मीर हसन, निसार, मेहरदीन, शाहनवाज, नवाब, गुलज़ार, आबिद आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## किशोर से कुकर्म के आरोपियों को भेजा जेल

**मोरना।** क्षेत्र के एक गांव में किशोर को जंगल में ले जाकर कुकर्म की किया जिसके बाद आरोपियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। पुलिस ने किशोर के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों रो. हित और साकिब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## युवक को घायल कर नकदी छीनने का लगाया आरोप

**मोरना।** पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम वह वहां ट्रेक्टर-ट्राली में से ईंटें उतरवा रहा था। तभी जमीन मालिक पक्ष के आधा दर्जन युवक हाथों में लाठी-डंडे लेकर आए तथा ईंटें उतारने को मना करते हुए उसके साथ गाली-गलौच की तथा मारपीट करने लगे। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी जेब पर झटका मारकर साढ़े नौ हजार रुपए छीन लिए। उसके गले से सोने की चेन भी कहीं निकल गई। मारपीट में पीड़ित को गुम चोट आई है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उसे दोबारा प्लॉट में दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को घटना की सूचना दी।

# दबाव देकर फैसला कराने वाले ने किया खुद ही वीडियो जारी

**बुढ़ाना।** दबंगों ने पीड़ित पक्ष पर कुछ जिम्मेदार लोगों का दबाव बनवाकर फैसला करवाकर जहां मामला निपटने की बात कही थी वहीं कुछ ही घंटे बाद दबंगों ने पीडित पक्ष को चिढ़ाते हुए एक रील वायरल कर दी जिसमें कहा जा रहा है सरकार हमारी घर की से। इस वायरल वीडियो में एक बाइक पर सवार दो युवक एक अन्य युवक की पिटाई करते साफ दिखाई दे रहे हैं। इस रील के वायरल होते ही पीड़ित पक्ष सहमा हुआ है और उसने फुगाना सीओ से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दरअसल मामला दो दिन पूर्व का है। जिसमें थाना फुगाना के गांव खेडा मस्तान में अर्घभिनव पुत्र राजीव मलिक की घर में ही दवाई की दुकान है। बीते बुधवार को अर्घभिनव दुकान से उठकर घर के अंदर गया था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक घर के अंदर घुस गए। युवा दुकानदार पर हमला कर उसे घायल कर दिया। हमलावरों ने दुकान में रखे सामान में तोडफोड करते हुए सामान बखेर दिया था। दुकानदार के पिता राजीव मलिक ने यूपी 112 नंबर पर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अचानक पुलिस को देखकर हमलावर बाइक द्वारा फरार हो गए थे। घायल युवक को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। घटना की तहरीर घायल के पिता राजीव मलिक ने थाना फुगाना में दी थी लेकिन दबंगों ने आज पूरा दबाव पीड़ित पक्ष पर बनाते हुए उनको फैसला करने पर मजबूर कर दिया तो पीड़ित ने दबंगों के डर से फैसला कर लिया लेकिन दबंगों ने कुछ ही घंटे बाद एक ऐसा वीडियो रील के माध्यम से वायरल कर दिया जिसमें दबंग साफ इशारा कर रहे हैं कि हमारी ही सरकार है और फैसला जिस तरह से हमने चाहा ठीक उसी तरह से हुआ है। कुल मिलाकर वायरल रील के माध्यम से दबंग पीड़ित को उकसा रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित का कहना है कि वह रील के वायरल होने से डरा हुआ है क्योंकि दबंग उसको ही निशाना बनाकर उसे उकसा रहे हैं। इस मामले में वैसे भी फुगाना पुलिस का घटिया रोल रहा है क्योंकि पुलिस ने दबंगों के यहां पर एक बार भी दबिश नहीं दी और फिर पीड़ित को दबंगों के दबाव में आकर फैसला ही करना पड़ा।

## हाई मास्क लाइट तीन माह से है खराब

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम मुझेडा सादात में मुख्य बस स्टैंड पर लगी हाई मास्क लाइट पिछले तीन महीनों से खराब पड़ी है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मीरापुर क्षेत्र के मुझेडा के ग्रामीणों ने बताया कि इस हाई मास्क लाइट को लगभग एक वर्ष पूर्व कांवड़ यात्रा के दौरान ठीक कराया गया था, जिसकी लागत करीब एक लाख थी। परंतु देखरेख के अभाव और संबंधित विभाग की लापरवाही के चलते यह लाइट अब मात्र एक शोपीस बनकर रह गई है। अंधेरे के कारण राहगीरों को गिरने, चोरी या अन्य अप्रिय घटनाओं का डर बना रहता है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि कुछ ही दिनों में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है। हर वर्ष बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री इस मार्ग से गुजरते हैं। ऐसे में यदि स्टैंड और आसपास का क्षेत्र अंधकार में डूबा रहा, तो दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। गांव के लोगों ने प्रशासन से संबंधित विभाग को कार्यवाही के निर्देश देने की मांग की है।

## अधिवक्ताओं ने रखा नो वर्क

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभी अधिवक्ताओं ने शुक्रवार के दिन नो वर्क रखा जबकि कुछ अधिवक्ता बार संबंधी आवश्यक कार्यों के लिए मुजफ्फरनगर शहर के लिए रवाना हुए। बार एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक बार कार्यालय पर आयोजित की गयी। अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पर अति आवश्यक कार्य के लिए जाएगा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट बुढ़ाना के अवकाश पर होने के कारण भी न्यायालयों मे न्यायिक कार्य नहीं हो रहा है जिस कारण से निर्णय लिया जाता है कि आज सभी अधिवद्रा बेल इंजेक्शन को छोड़कर अन्य सभी कार्यो से विरत रहेंगे।

# जैन मंदिर में रक्तदान शिविर लगाया

**मुज़फ्फरनगर ।** मुनीम कालोनी जैन मंदिर में जे के लक्ष्मी सीमेंट और प्रभु पारस एंड कंपनी द्वारा स्वर्गीय श्री हरि शंकर सिंघानियां जी के 92 वे जन्मदिवस के अवसर पर अलकनन्दा ब्लड बैंक के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. शिविर में जे के लक्ष्मी सीमेंट कम्पनी के सौजन्य से कम्पनी प्रबंधक प्रवेन्द्र सिंह, कंपनी अधिकारी मोहित शर्मा, तरुण कुमार, प्रवीण कुमार, तारा सिंह मौजूद रहे, प्रभु पारस एंड कंपनी की तरफ से चंद्रमोहन जैन, तरुण जैन, दिव्यांश जैन, अमित जैन,विशाल कुमार, संजीव महेश्व. री,राजेश कुमार, अंशुल, शिविर में मौजूद रहे और शिविर को सफल बनाने में इनका विशेष सहयोग रहा।




# सफाईकर्मियों ने ईओ को 13 सूत्रीय मांगों का दिया ज्ञापन

### मांगे पूरी न होने तक काम बंद हड़ताल की दी चेतावनी

**बुढ़ाना।** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ बुढ़ाना के तत्वाधान में शुक्रवार के दिन दर्जनों सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन को एक 13 सुत्रीय मांगों का ज्ञापन देते हुए चेतावनी दी कि अगर उनकी ये सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो वे काम बंद कर हड़ताल शुरु कर देंगे। जिसकी जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी।

ज्ञापन में ईओ को बताया गया है कि उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ ने पूर्व में भी मृतक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति एवं पेंशन की मांग के संबंध में आपसे अनुरोध किया था जिसके फलस्वरुप जनपद मुजफ्फरनगर में एसडीएम खतौली के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के बीच समझौता वार्ता हुई थी।

जिसमें सफाई कर्मचारियों की 13 सुत्रीय मांगों को स्वीकार कर जल्दी पूरा करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक नगर पंचायत बुढाना ने सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष उत्पन्न हो रहा है। उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ पुन: अवगत कराना चाहता है कि यदि उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ की मांगों को समय अवधि तक पूरा नहीं किया गया तो मजबूरन उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ को काम बंद हड़ताल पर जाना पड़ेगा। जिनकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राजू, संदीप, मोहन, बबलू, पप्पू, पवन, जितेंद्र, दीपक, जयवीर और मोहन आदि सफाईकर्मी उपस्थित रहे।



बुढाना:ईओ से मिलते सफाई कर्मी।

# सरकारी डिवाइडर तोड़ कर किया जा रहा था कब्जा

**खतौली।** कस्बे के प्रमुख मार्ग घण्टाघर जीटी रोड पर रात के अंधेरे में एक व्यापारी द्वारा सरकारी डिवाइडर को तोड़कर अवैध रूप से विज्ञापन बोर्ड लगाने का प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही पालि. का प्रशासन हरकत में आ गया और मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्य रुकवा दिया।

कस्बे के जीटी रोड स्थित घण्टाघर के समीप कस्बे का ही एक व्यापारी स्थानीय प्रशासन की आँखों मे धूल फांक कर सरकारी डिवाइडर को तोड़ कर वहां अपने प्रतिष्ठान का विज्ञापन बोर्ड लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। बता दे रात के अंधेरे में उक्त व्यापारी द्वारा डिवाइडर तोड़ने पर पालिका प्रशासन को हजारों रुपये का राजस्व की हानि हुई है। सूचना के बाद खतौली पालिका के आर आई मनोज यादव ने रात में ही मौके पर पहुंचकर डिवाइडर तोड़ने और बोर्ड लगाने के कार्य की जांच की। उन्होंने संबंधित व्यापारी को मौके पर ही चेतावनी दी कि यह कार्य पूरी तरह से अवैध है और इसमें नगर पालिका की अनुमति नहीं ली गई थी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) राजीव कुमार ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। व्यापारी को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा गया है, साथ ही कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। स्थानीय लोगों ने भी इस अवैध कार्य का विरोध किया। लोगों का कहना है कि सरकारी डिवाइडर तोड़कर निजी विज्ञापन लगाना न केवल गलत है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का बोर्ड, होर्डिंग या अन्य ढांचा सार्वजनिक स्थानों पर नहीं लगाया जा सकता। मामले की जांच जारी है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज की टक्कर से सरिये से भरी ट्रैक्टर ट्राली खाई में गिरी

**बुढ़ाना।** तेज रफ्तार रोडवेज बस की जोरदार टक्कर से आगे आगे चल रहा ट्रेक्टर ट्राला गहरी खाई में पलट गया। जिसमें ट्रेक्टर में सवार दो लोग घायल हो गये। उधर सवारी होने की वजह से मौके पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस का नंबर नोट कर रोडवेज बस को मुजफ्फरनगर जाने दे दिया। दोनों घायलों को हस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव वैल्ली निवासी महावीर सिंह और उसके गांव का एक युवक मकान बनाने के लिए ट्रेक्टर ट्राली में सरिया लेकर अपने गांव वैल्ली लौट रहे थे। जब वह बुढ़ाना कस्बे में पुलपार स्थित मेदांता हास्पिटल के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही एक रोडवेज बस के चालक ने पीछे से ट्रेक्टर ट्राले में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सरिये से भरा हुई ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गयी। जिसमें ट्रेक्टर पलट गया और दोनों ग्रामीण ट्रेक्टर के नीचे दब गये। तब आते जाते लोगों ने घटना को देखकर गहरी खाई में पहुंचकर दोनों को ट्रेक्टर के नीचे से निकाल. कर पास में ही स्थित एक हस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बस चालक को हड़काकर रोडवेज बस को मुजफ्फरनगर शहर के लिए भेज दिया।

# बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित



**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ, मुजफ्फरनगर के बी.ए. एलएल.बी. पाठ्यक्रम में छात्राओं का बोलबाला रहा।

इस क्रम में बी0ए0-एलएल0बी0 द्वितीय वर्ष में अरशी ने 68.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अदिति चौधरी ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सारिया उवेश ने 67.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।

श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजज के चेयरमैन डॉ0 एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिये आशीर्वाद प्रदान किया।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ की प्राचार्या डॉ0 पूनम शर्मा ने छात्र/छात्राओं के उज्ज़्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कॉलेज का अनुषासनात्मक वातावरण छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवष्यक होता है।

इसीलिए श्रीराम कॉलेज ऑफ लॉ के अधिकतम छात्र/छात्राये प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने के साथ-साथ अन्य उपलब्धियों जैसे -सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों में प्रैक्टिस करने के अतिरिक्त न्यायिक सेवा के लिए भी तत्पर हैं।

इस अवसर पर संजीव कुमार, सोनिया गौड़, रितु धीमान, आक्षी कष्यप, विनय तिवारी, प्रीती व त्रिलोक ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## अपहरण, रंगदारी और देह व्यापार में लिप्त गिरोह के छह सदस्यों पर कसा शिकंजा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खतौली पुलिस ने अपहरण, रंगदारी, अनैतिक देह व्यापार और चोरी जैसे संगीन अपराधों में लिप्त छह आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जिन पर लंबे समय से संगठित रूप से अपराध करने के आरोप हैं।

पुलिस के अनुसार, हसीना पत्नी नूर मोहम्मद, जो कि 11 फरवरी से जेल में बंद है, पर अपहरण, रंगदारी और अनैतिक देह व्यापार जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। साथ ही आसमा पुत्री नूर मोहम्मद, महमूद अहमद पुत्र मोहम्मद हसन, सारिक पुत्र अब्दुल खालिक, मुस्तकीम पुत्र रहिमुद्दीन और दानिश पुत्र नूर मोहम्मद भी इसी गैंग के सदस्य हैं।

इन सभी के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधि. नियम के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। मामला कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा की ओर से दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि यह गिरोह समाज में भय और अव्यवस्था फैलाकर भौतिक लाभ अर्जित करने के लिए काम कर रहा था। गैंग की गतिविधियों की आर्थिक व सामाजिक जांच भी की जा रही है, जिससे इनके पूरे नेटवर्क को समाप्त किया जा सके।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारी शुरू

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** आगामी 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को तहसील खतौली में एक अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपजिलाधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संपन्न हुई। यह अभियान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशानुसार वर्ष 2025 के दूसरे चरण के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। बैठक का आयोजन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अवनीश कुमार सिंह द्वारा किया गया, जिसमें अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए तहसील एवं ब्लॉक स्तर की टास्क फोर्स का गठन भी किया गया। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान से जुड़ी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें संवेदीकृत किया गया। इस चरण में विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सघन वेक्टर नियंत्रण गतिविधियां की जाएंगी, जैसे कि फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे, जागरूकता रैलियां आदि। उपजिलाधिकारी संजय सिंह ने सभी विभागों को शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी



अनिवार्य है।बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल, एडीओ पंचायत कार्यालय से सचिन, बीडीओ कार्यालय से सुनील, बाल विकास परियोजना से संतोष, स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम जावेद, तथा डब्ल्यूएचओ एफएम अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अभियान के दौरान स्वच्छता, जागरूकता एवं रोग नियंत्रण को प्राथमिकता देने की बात कही और अपने-अपने विभागों की भूमिका को लेकर रणनीति पर चर्चा की।

## शिया समुदाय ने लगाया कब्रिस्तान की दीवार तोड़ने का लगाया आरोप

**मोरना।** गांव जटवाड़ा में शिया समुदाय के लोगों ने गांव के ही तीन लोगों पर कब्रिस्तान की दीवार तोड़ने का आरोप लगाया है। शिया समुदाय ने मामला न्यायालय मे विचाराधीन होने के वावजूद बिना उन्हें सूचना दिए कार्रवाई करने को पक्षपात पूर्ण बताते हुए प्रशासन पर सांठगांठ के आरोप लगाये हैं तथा उच्च अधिकारियो से कार्रवाई की मांग की है।

थाना ककरौली क्षेत्र के गांव जटवाड़ा निवासी अकबर रज़ा, अली गाज़ी, हसीन हैदर, इशरत हुसैन, हसन असगर, तफसीर हैदर, नैयर हसनैन ने बताया कि गांव में शिया समुदाय का कब्रिस्तान स्थित है। शिया समुदाय के लोगों ने सामूहिक प्रयासों से कब्रिस्तान की बाउंड्री वाल कराई थी। गांव निवासी तीन सगे भाई कब्रिस्तान के पास स्थित सरकारी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। जिसका रास्ता बनाने के लिए उन्होंने कुछ समय पहले कब्रिस्तान की दीवार तोड़ दी थी।


शिया समुदाय के लोगों ने थाना पुलिस व एसडीएम जानसठ को इसकी शिकायत की थी। जिस पर अधिकारियों ने संज्ञान लेकर दीवार करा दी थी तथा वर्तमान में मामला एसडीएम जानसठ के कार्यालय मे विचाराधीन है।

शिया समुदाय के लोगों ने बताया कि बीते बुधवार को उक्त तीनों आरोपियों ने तहसील प्रशासन से सांठगांठ कर तहसील अधिका. रियो की मौजूदगी मे दीवार को फिर से तोड़ दिया। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल व उच्च अधिकारियो से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

# दीवारों पर पलायन लिखने से प्रशासन में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील क्षेत्र के गांव पिंडोरा की दलित कॉलोनी में तीन दिन पहले देर रात ट्रैक्टर से टक्कर मारकर दीवार को गिराकर दरवाजा लगा दिया गया था। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी लेकिन कार्यवाही न होने व कोरी समाज के बीच से रास्ता खोलने और सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर दलित और आक्रोशित होकर घरों पर ताले लगाकर, दीवारों पर कार्यवाही ना होने पर पलायन लिखवा दिया गया। यह सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत ही मामला दर्ज कर तोड़ी हुई दीवार को पुनः बनवाई गई तब जाकर मामला शांत हुआ।






जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के पिंडोरा गांव में हथछोया मार्ग पर टंकी के पास 25 वर्षों से आवंटित पट्टों से एक कॉलोनी बनी हुई है। जो तीनों साइडों से बाउंड्री वॉल होने की बात कही गई है। कॉलोनी के पीछे की जमीन लेने की वजह से हरेंद्र ने उनकी कालोनी की गली से रास्ता लेने के लिए करीब 4 दिन पहले गेट लगा दिया था। इसके बाद कोरी समाज द्वारा दीवार कर दी गई थी लेकिन हरेंद्र ने ट्रैक्टर से दीवार को तोड़ दिया गया इसका कोरी समाज के लोगों ने इसका विरोध किया जिसमें विवाद में दो लोग घायल हो गए थे।

कोरी समाज के लोगों का सेठपाल, सुरेंद्र, सुबोध तथा महिलाओं में राखी, सोनिया और सुषमा आदि का आरोप है कि पुलिस ने हरेन्दर का मात्र शांति भंग की धारा में 151 में चालान किया था। इसी से नाराज होकर कोरी समाज के लोगों ने कई दरवाजों पर ताले डालकर गली में कई स्थानों पर कार्रवाई न होने पर पलायन लिख दिया और गली में दरा बिछाकर बैठ गए। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा का कहना है कि मामला दर्ज कर उनकी दीवार बनवा दी गई है स्थिति सामान्य है।

# कस्बा बनत के अभिमन्यु ने बढ़ाया देश का गौरव

## कुश्ती में रूस, पाकिस्तान, अजरबेजान को दी करारी शिकस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय अजय राय जी के प्रतिनिधि के रूप जिला सहारनपुर सिटी के कोर्डिनेटर व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कजाखिस्तान में आयोजित कुश्ती चेम्पियनशिप में कस्बा बनत के लाल अभिमन्यु चौधरी द्वारा रूस, पाकिस्तान, आर अजरबेजान आदि देशों के पहलवानों को शिकस्त देकर गोल्ड जितने पर स्वागतअभिनंदन किया। देश और देशवासियों को गर्व की अद्भुत अनुभूति कराकर तिरंगे का मान बढ़ाने वाले देश के लाल को पार्टी की ओर से प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ-साथ पहलवान के कोच अंशुल निर्वाल व पहलवान रवि मलिक का भी शॉल भेट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि आज देश के युवाओं में खेल के प्रति गहरा जुड़ाव देखने को मिल रहा है।

जिसके फलस्वरूप ग्रामीण अंचलों से भी प्रतिभा निकल कर विदेशो में भी देश का परचम लहराया है ओर कांग्रेस ने सदैव इसका सम्मान किया है और युवा प्रतिभाओ का उत्साह वर्धन किया है। इसी कड़ी में कस्बा बनत के लाल ने अभूतपूर्व काम किया है जिसके लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी परिवार इस युवा प्रतिभा को बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रवीण तरार, बिजेंद्र पाल वर्मा, योगेश भारद्वाज आदि रहे।

# बिजलीघर पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन को पितृशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कण्डेला पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन नरेश स्वामी के पिता राजपाल स्वामी का ]र्दयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वह करीब 72 वर्ष के थे। उनकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव कण्डेला में स्थित बिजलीघर पर तैनात संविदाकर्मी लाइनमैन नरेश स्वामी के पिता राजपाल स्वामी कृषि कार्य किया करते थे। गुरुवार शाम करीब सात बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिस पर परिजन उन्हें शामली के निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। मौत का कारण ]र्दयगति रुकना बताया जा रहा है। शुक्रवार को गमगीन माहौल में मृतक किसान के शव का गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। दस वर्षीय पौत्र अर्णव ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी।

मृतक राजपाल छह भाइयों में चौथे नंबर के थे। वह विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके निधन से गांव में शोक व्याप्त है। मृतक राजपाल के तीन पुत्र नरेश, दिनेश व मुकेश है। अवर अभियंता साजिद अली, तकनीशियन वीरेंद्र यादव एवं अन्य विद्युतकर्मियों ने मृतक के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

# थानाभवन नगर पंचायत में अनियमितताओं को लेकर गर्माया मामला

## अध्यक्षा ने ईओ पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन कार्यालय में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं को लेकर नगर पंचायत अध्यक्षा और अधिशासी अधिकारी के बीच विवाद गहराता जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि कार्यालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं और अनियमितताओं पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कई बार अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा और कर्मचारियों को सुधार हेतु निर्देश दिए, लेकिन अधिकारियों द्वारा इन निर्देशों की अनदेखी कर नियमित रूप से नियमविरुद्ध कार्यों में संलिप्तता जारी रखी गई।अध्यक्षा के अनुसार शासनादेश संख्या 2403/9-4-2024 का हवाला देकर ईओ जितेंद्र राणा को नगर पंचायत थानाभवन में ही निवास करने तथा कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए नियमों में सुधार के निर्देश दिए।

लेकिन ईओ ने स्वंय में सुधार करने की बजाय, अध्यक्षा के पति पर गंभीर व झूठे आरोप लगाकर कार्यालय में उनके प्रवेश को प्रति. बंधित कर दिया। अध्यक्षा ने स्पष्ट किया कि उनके पति सिर्फ उनकी खराब तबीयत की स्थिति में नगर पंचायत कार्यों में उनकी सहायता करते हैं, ना कि किसी प्रकार की पद या अधिकार का प्रयोग।

इस कृत्य को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए अध्यक्षा ने ईओ जितेंद्र राणा को नोटिस जारी किया है और चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमविरुद्ध कार्य सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।अध्यक्षा ने कहा कि थानाभवन की जनता ने उन्हें जिस विश्वास और उद्देश्य के साथ नगर पंचायत अध्यक्षा के पद पर आसीन किया है, वे हर हाल में अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। वहीं दूसरी ओर, इस संबंध अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया थानाभवन नगर पंचायत में रात्रि में रुकने की व्यवस्था नही है। वहां निर्माण कार्य चल रहा है। मेरे पास जलालाबाद और गढ़ी पुख्ता का अतिरिक्त कार्यभार भी है। इसलिए में जलालाबाद रुकता हूं।

# एक नजर

## 108 अभियोगों से संबंधित शस्त्र किए नष्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत थाना कैराना पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम से सम्बन्धित मालो का विनिष्टीकरण हेतु थाना कैराना के मालखाने में रखे शस्त्र अधिनियम माल मुकदमाती के 108 अभियोगों से सम्बन्धित शस्त्रों को नष्ट कराया गया और उनकी वीडियोग्राफी भी की गई। जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली रामस. ेवक गौतम के निर्देशन में जनपद शामली के थाना कैराना पर मुकदमों से सम्बन्धित मालखाने में रखे माल मुकदमाती शस्त्र अधिनियम को विनिष्टीकरण कराए जाने हेतु न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा द्वारा आदेश निर्गत किए गए थे। क्रम में उपजिला मजिस्ट्रेट कैराना के निर्देशन में सतीश यादव तहसीलदार कैराना, श्याम सिंह क्षेत्राधिकारी कैराना, चन्द अभियोजन अधिकारी व धर्मेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कैराना की मौजूदगी में 108 अभियोगों से संबंधित वर्ष 1982 से 2020 तक के शस्त्र नष्ट किए गए।

## प्रभारी मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मा. राज्य मंत्री, जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकारध्प्रभारी मंत्री जनपद-शामली दिनेश खटीक का भ्रमण कार्यक्रम 21.6.2025 दिन शनिवार को आगमन प्रातः 6 बजे जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग जनपद-शामली द्वारा आयोजित 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में मंत्री द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया जाएगा। स्थान राष्ट्रीय किसान इण्टर कॉलेज जनपद शामली।

## पिता-पुत्र के खिलाफ फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मन्नामाजरा निवासी महबूब अली ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है कि वह वर्तमान में मौहल्ला इलाहीपुरा निकट पुलिस लाईन जिला सहारनपुर में रहे रहा है। गत 4 जून को वह अपने किसी कार्य से तहसील कैराना आया था अपने कार्य के पश्चात कैराना से वापिस सहारनपुर जाते समय उसके मोबाईल फोन पर एक कॉल आई, जिसमें याकूब अली व उसके पुत्र द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौच की गई। जिसकी मेरे पास आडिया रिकार्डिंग भी हैं। याकूब व उसके पुत्र बेहद शातिर प्रवृत्ति के लोग हैं। जो कि अपराधिक प्रवृति के लोगों के साथ रहते है। पुलिस ने मालमे में पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। गत 28 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र से नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पीड़ित स्वजन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को कैराना कोतवाली पर तैनात एसआई राजेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरुद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित आरो. पियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी सन्दीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी सागर व सूरज को भी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था।

## हमले के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के यमुना खादर के गांव मंडावर में हुए जानलेवा हमले के दो वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। गत 27 अप्रैल को कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडावर निवासी हाशिम पुत्र अब्बास की ओर से कोतवाली में एक राय होकर घर में घुसकर, गाली-गलौच कर जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। शुक्रवार को कैराना कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक सतीश प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेश अनुसार चलाए जा रहे हैं अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधी गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकार करना के निकट पर्यवेक्षण में गस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपियों को जुल्फान उर्फ सुक्का पुत्र मुन्त्याज व दिलशाद पुत्र कामिल निवासी मंडावर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

# देवेंद्र के हत्यारोपियों पर रासुका लगाने की मांग, महापंचायत का किया ऐलान

## महाराज यशवीर ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल कर हिंदू समुदाय के लोगों के साथ मुस्लिम आबादी में धरना प्रदर्शन करने की दी चेतावनी, इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने पर तुल पकड़ रहा देवेन्द्र हत्याकांड का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चार दिन पूर्व गांव मामौर के जंगल में हुई हरियाणा के किसान देवेंद्र की हत्या के बाद मामला तुल पकड़ता जा रहा हैं। यशवीर महाराज ने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल कर पुलिस प्रशासन से हत्यारोपियों पर रासुका लगाने की मांग की हैं। वहीं रासुका की कार्यवाही नहीं होने पर मामौर गांव में हरियाणा व यूपी के हिंदू जन समूह के साथ धरना प्रदर्शन व महाप. ंचायत करने का ऐलान किया हैं। हालांकि पुलिस घटना में शामिल दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। जबकि घटना को अंजाम देते वक्त घायल हुए तीसरे हत्यारोपी का पुलिस अभिरक्षा में मेरठ के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।



गत सोमवार को हरियाणा के जनपद पानीपत के सनौली थानाक्षेत्र के गांव कुराड़ निवासी किसान देवेंद्र की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र की ओर से गांव मामौर निवासी नदीम, शोबान व फरमान के खिलाफ कोतवाली कैराना पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए हत्यारोपी फरमान व नदीम को घटना वाले दिन शाम को ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी नदीम पुलिस मुठभेड में गोली लगने के बाद घायल हो गया था। जबकि तीसरा आरोपी शोबान घटना को अंजाम देते वक्त घायल हो गया था, जिसका पुलिस अभिरक्षा में मेरठ के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। गत गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया गया हैं। जिसमें मृतक देवेंद्र के भाई ने सुरक्षा-व्यवस्था पर गम्भीर सवाल उठाए। जिसके बाद मामला तुल पकड़ रहा हैं। शुक्रवार को पीठाधीष्वर योग साधना स्वामी यशवीर महाराज आश्रम बघरा जनपद मुजफ्फरनगर ने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल करते हुए कहा कि मामौर में एक जाट समाज के व्यक्ति की कट्टरपंथी मुस्लिम जेहादियों ने चाकू व गोलियां मार के निर्मम हत्या कर दी हैं। जिसके बाद हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। हत्यारोपी की ओर से घटना को दूसरा रूप देने के लिए अफवाह फैलाई जा रही है की मृतक की किसी महिला से फोन पर बात होती थी। जिसे बिल्कुल सफेद झूठ बताते हुए। जनपद शामली के पुलिस प्रशासन से वांछित आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग की हैं तथा घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपियो पर रासुका के तहत कार्यवाही करने की मांग की हैं। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अगर अपराधियों पर रासुका नहीं लगाई तो हिंदू समाज के लोगों के साथ गांव मामौर में आगामी 27 जून की दोपहर एक बजे महापंचायत करने का ऐलान किया हैं साथ ही रासुका की कार्यवाही नहीं होने तक धरना जारी रहने की बात कही हैं। वहीं उन्होंने कैराना को किसी भी कीमत पर कश्मीर नहीं बनने की बात भी कही हैं।

## जानलेवा हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**कैराना।** ऊंचा गांव निवासी राहुल ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया हैं कि गत 9 जून की रात्रि 8:30 बजे वह गांव में स्थित आटा चक्की पर आटा लेने बाईक पर सवार होकर जा रहा था गांव के ही रोहन पुत्र मित्तर ने बिना किसी बात पर लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया। जिस कारण पीड़ित को काफी चोटें आई हैं। जिन्हें देखकर उक्त युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# नालों में कूड़ा, सड़कों पर जलभराव, राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला पंसारियान में पिछले तीन दिनों से नाले में कूडा अट जाने से सडकों पर जलभराव हो रहा है। नगर पालिका की अनदेखी के चलते आसपास रहने वाले लोग गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर है।



शहर के मौहल्ला पंसारियान, ब्लॉक रोड पर पिछले लंबे समय से नालों की साफ सफाई न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। गत तीन दिन पूर्व देर रात्रि में आई बारिश के बाद नाले में भारी कूडा करकट आकर अट गया। जिससे नाले की जल निकासी पूरी तरह से प्रभावित हो गई और नाले का गंदा पानी सडकों पर बहने लगा। हालात यह है कि जहां नाला अटा है वही विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर भी रखा है और उसके आसपास पानी भरने से करंट फैलने के खतरे की संभावनाओं से भी इंकार नही किया जा सकता है। नालें गंदे पानी से होकर गुजरने वाले नागरिकों की यदि करंट फैल गया तो जान का खतरा बन जाएगा। ऐसे में नगर पालिका की उदासीनता के चलते पिछले तीन दिनों में उक्त नाले की साफ सफाई नही कराई गई। आसपास रहने वाले लोग परेशान है। उन्होने नाले की साफ सफाई कराने की मांग की है।

## युवक के विरुद्ध युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के गांव बीनडा निवासी अरविंद ने मुकदमा दर्ज कराया हैं कि गत मंगलवार की रात्रि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को प्रशांत उर्फ टून्ना पुत्र राजकुमार निवासी गावं जन्धेडा समसपुर थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

उसके बाद प्रशात उर्फ टून्ना की इस्टाग्राम आईडी पर पीड़ित पिता की बात हुई तो उक्त प्रशांत ने धमकी देनी शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# युवती से अश्लीलता करने में छह पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के एक मौहल्ला निवासी युवती ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया हैं कि जहीर का परिवार उनसे रंजिश रखता है। गत मंगलवार की दोपहर लगभग 3 बजे का वह अपने घर पर थी तभी घर पर जहीर, अफजाल, ताहिर, जाहिद, वसीक व रिजवान निवास. ीगण मौहल्ला आलदम्यान एक राय होकर अपने हाथो में लाठी-डण्डे व धारदार हथियार लेकर घर के अन्दर घुस आए और उसके पिता के साथ गाली गलौच करने लगे। गाली गलौज से मना करने पर उक्त लोगों ने एक राय होकर उसके पिता पर धारदार हथियार से हमला करते हुए लाठी-डण्डो से मारपीट कर घायल कर दिया तथा वसीक ने पीड़िता के कपडे फाड कर निवस्त्र कर अश्लील हरकते की। पीड़िता के शोर करने पर इसरार व जिशान आदि व्यक्ति मौके पर आ गए। जिन्होंने पीड़ता और उसके पिता को उक्त लोगों से बचाया। उक्त लोग जाते हुए पीड़िता और परिवार को आईन्दा मौका मिलने पर जान से मारने की और किसी झूठे केश में फंसवाकर जेल भिजवाने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

# भगवान पार्श्वनाथ कल्याण विधान हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में भगवान पार्श्वनाथ कल्याण विधान व स्त्रोत का पाठ विधि विधान से किया गया। णमोकार महामंत्र के पाठ से सभी विधि प्रारम्भ हुई।

मंगलाष्टक पाठ पढा गया उसके बाद भगवान आदिनाथ, भगवान शांतिनाथ व भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक व शांतिधारा पं. नरेश चन्द्र जैन हस्तिनापुर के द्वारा की गई। शांतिधारा के मुख्य पुर्ण्याजक राजीव जैन, मयंक जैन, प्रेमचन्द्र जैन, कुसुमलता जैन सपरिवार शामली रहे। द्वितीय व तृतीय शांतिधारा के पुर्ण्याजक चंचल जैन शामली, डा. संजय जैन, चन्द्र सैन जैन, शुभम जैन, अरुण जैन, संदीप जैन शामली रहे।



महाआरती के पुर्ण्याजक मति नीना जैन रही। 23 मण्डलीय भगवान पार्श्वनाथ कल्याण विधान व स्त्रोत्र राजीव जैन शामली के 55 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया। वात्सल्य भोज की व्यवस्था के पुण्यार्जक भी प्रेमचन्द्र जैन, राजीव जैन रहे।

जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद कमेठी से परम संरक्षक जे. के. जैन, तरुण जैन अध्यक्ष, राकेश जैन उपाध्यक्ष, सुशील कुमार जैन मंत्री, सतेन्द्र जैन कोषाध्यक्ष, मुकेश जैन ठेकेदार, सुभाष चन्द्र जैन, उमेश जैन, प्रदीप जैन, सुभाष जैन आढती, सुशील जैन आदि ने पाठ कराने वाले व पाठ में बैठने वालो का पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान व आभार प्रकट किया।

आस पास से आने वाले काफी श्रद्धालुओ ने पाठ में बैठकर भाग लिया। इस मौके पर मोहित जैन शामली, संदीप जैन सहारनपुर, मुकेश जैन, संजय जैन किरठल, राजीव जैन, अर्जुन जैन दिल्ली, अतिशय जैन, आगम जैन, मंयक जैन, अनूप जैन कैराना, अनिल जैन, कमल जैन, दीपा जैन, रुची जैन, डा0 नीरु जैन, सारिका जैन, स्वेता जैन, वर्खा जैन, पं0 सनत जैन, सतीस जैन, अर्पण जैन, सचिन जैन, राहुल जैन, ऋषभ जैन, प्रवेश जैन आदि उपस्थित रहे।

## बीएलओ को दिया जाएगा तिथिवार प्रशिक्षण

**शामली।** कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र दिनांक 17 जून 2025 में निर्गत निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन पुनरीक्षण कार्यो में तैनात बी.एल.ओ. एवं पर्यवेक्षकों को छोटे-छोटे समूहों में तिथियां निर्धारित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना है। निम्नवत प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 20 जून में अपरान्ह 3 बजे से, भाग संख्या-01 से 104 तक, 21 जून में अपरान्ह 3 बजे से, भाग संख्या-105 से 200 तक, 22 जून में पूर्वान्ह 11 बजे से, भाग संख्या-201 से 307 तक। उक्त के दृष्टिगत उपजिला. धिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया ने अवगत कराया कि समस्त बी.एल.ओ. एवं पर्यवेक्षक बैठक में निर्धारित समय एवं स्थान पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।







# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः योग को बनाएं जीवन का हिस्सा

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान मुजफ्फरनगर/शामली डॉ. इसम पाल, होम्योपैथी जिला चिकित्साधिकारी डा. विधु शेखर मालिक के कुशल मार्गदर्शन में संच. ालित आयुष योग वेलनेस सेंटर, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुड़ाना में कार्यरत मास्टर योग ट्रेनर (प्रशिक्षक) राज कुमार द्वारा नगर पंचायत बनत में साधकों को सामान्य योगाभ्यास क्रम का प्रशिक्षण दिया गया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 के अवसर पर थीम- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की।

**उधर,** शुक्रवार को दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारी के रूप में योग सप्ताह उत्सव शिविर को समापन हो गया। शिविर में सैकड़ो साधकों महिला और पुरुष ने भाग लेकर विभिन्न योग क्रियाऐं की।

शुक्रवार को योग शिविर का शुभारंभ चेयरमेन अरविंद संगल व संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र आ]वान कर के सयुक्त रूप से किया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग आसन, प्राणायाम, ध्यान कराया गया। अजय शर्मा ने मंच के माध्यम से दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के सब अधिकारी व साधकों का सम्मान किया। चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि हंसी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर दिन में हम अच्छी प्रकार हंस ले तो हमारा दिन भी सुंदर बन सकता है। जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि योग संस्थान ट्रस्ट लगातार 7 वर्षों से शहर शामली की सेवा करते आ रही है और आगे भी करती रहेगी। कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी दी। साधकों से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का आहवान किया। इस अवसर पर सरवन संगल, सभासद रोबिन सिंह, अशोक वशिष्ठ, अनिल शर्मा, मनोज गोयल, रोहिन शर्मा, अजय शर्मा, रमेश बजाज, गौरव संगल, रामकुमार, अरविंद मलिक, अरविंद पांचाल, महेश शर्मा, जयपाल, मनोज गोयल, जगदीश, कविता गुप्ता, शिक्षा शर्मा, सीमा शर्मा, नीरा आदि मौजूद रहे।

**उधर,** शामली राइफल क्लब पर क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित निशुल्क योग एवं ध्यान प्रशिक्षण शिविर के दसवें दिन का शुभारंभ चेयरमैन अरविंद संगल द्वारा किया गया। कहा कि योग न केवल भारत की प्राचीन परंपरा का अनमोल उपहार है बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए सेहतमंद जीवन का रास्ता भी है। योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक संतुलन को भी बनाए रखने में मदद करता है।

योग प्रशिक्षक मनोज शर्मा द्वारा सूर्य नमस्कार, सर्वांगासन, शलभासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, धनुरासन, वृक्षासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग गुरु स्वामी चिन्मय द्वारा ओम जाप का अभ्यास कराते हुए ध्यान कराया। क्रीड़ा भारती जिला शामली समिति द्वारा दोनों योग प्रशिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला उप क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी त्यागी, शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुक. ेश चौधरी, तपन मलिक, संदीप पंवार, नितिन वर्मा, जितेंद्र सिंह तोमर, सुधीर कुमार राणा, अभयदीप राणा, विश्वदेव पंवार, डा. धीरेन्द्र ब्रह्मचारी, साहब सिंह, हरविंद्र सिंह उर्फ मुन्ना, निशु चिकारा, अंशु चौधरी आदि मौजूद रहे।

**उधर,** योग सप्ताह के क्रम मे पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम के नेतृत्व में पुलिस लाईन शामली परिसर में योगा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में जनपद के पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सूर्य नमस्कार से हुआ।

योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित जनों ने ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि योग न केवल मानसिक तनाव को दूर करता है, अपितु शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाता है। उन्होंने योग को पुलिस बल की कार्यक्षमता एवं जीवनशैली सुधारने हेतु आवश्यक बताया। इस आयोजन में क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।



**चौसाना।** पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को चौकी चौसाना परिसर में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। चोकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह की अगुवाई में योगाभ्यास किया। जिसमे अन्य पुलिसकर्मी व अधिकारी भी शामिल रहे। योग से यादाश्त में सुधार होता है। यह सर्वाइकल, अवसाद, चिंता, मोटापा और मनोविकारों को दूर करने में सहायक है। नियमित योगाभ्यास से कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग और किडनी जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है।

योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। यह मन को शांत करने का माध्यम है। योग की धारणा हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म से जुड़ी है। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सतबीर सिंह,हेड मुक. ेश,मुंशी संदीप, सहित सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# डूडा विभाग के सचिव पर पैसे मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डूडा विभाग में फैले भ्रष्टाचार के विरोध में स्वयं सहायता समूह की दर्जनों महिलाओं द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी करते हुए हंगामा किया गया। महिलाओं का आरोप था कि डूडा विभाग के सचिव गिरी गोपाल द्वारा उनके खातों में भेजी जा रही सरकारी सहायता राशि में से जबरन आधा पैसे मांगा जा रहा है। उन्होने सचिव पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने की मांग की है।

शुक्रवार को जनपद की स्वयं सहायता समूह की दर्जनों महिलाऐं कलक्ट्रेट परिसर पहुंची और डूडा विभाग के सचिव गिरी गोपाल पर सरकारी योजनाओं के पैसे को हजम किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। महिलाओं ने एडीएम सत्एन्द्र सिंह को दिए ज्ञापन में कहा



कि डूडा विभाग में सरकारी योजनाओं के नाम पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से पैसे वसूले जा रहे है। 10 हजार की सरकारी सहायता मिलने पर पांच हजारी की मांग की जा रही है।

आरोप लगाया कि मजदूरों के रजिस्ट्रेशन, प्रशिक्षण व अन्य कामों के लिए भी सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है। महिलाओं का आरोप था कि कार्यालय में भ्रष्टाचार इस कदर बढ गया है कि हर लाभार्थी से पैसा वसूला जा रहा है और कार्यालय में कोई भी सीसीटीवी कैमरा नही लगाया गया है। एडीएम सत्एन्द्र सिंह ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से ज्ञापन लेकर जांच कराकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर काजल, सुरेश देवी, बेबी कश्यप, अनुराधा, नीलम वर्मा, सीमा, आरती, राजेश, गुडिया, सोनिया, पूजा, लोकेश, राजेश, इशिका, डोली, उर्मिला, सुमन, ज्योति आदि मौजूद रहे।

मामले में डिप्टी कलेक्टर व जिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। भ्रष्टाचार होने के साक्ष्य मिले है, जिसमें दोनों ही पक्षों द्वारा आम जनता से पैसे वसूलने का मामला प्रकाश आया है। जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने परेड के दौरान पुलिस लाईन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन का निरीक्षण किया गया। एसपी ने सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली। परेड में शामिल अधिक. ारियों व कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गई। इसके बाद एसपी द्वारा अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किए गए एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिक. ारी यातायात अपेक्षा निम्बाडिया, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक प्रभा पटेल व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

# टैक्टर से डीजल चुरा रहे लोगों की ट्रैक्टर मालिक से हाथापाई के बाद चोर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** घर के बाहर खडे टैक्टरो से डीजल चोरी कर रहे चोरो से टैक्टर मालिक भिड गया जिससे धक्का देकर चोर कार मे बैठकर फरार हो गए, चोरो द्वारा कैनियो मे भरकर लगभग 150 लीटर डीजल चुराया गया है, पुलिस जांच मे जुटी।

जलालाबाद के गंगोह रोड पर रिजवान, अहसान व फरान के मकान है तीनो परचून के सामान की भाडा ढुलाई का कार्य करते है। मकान के बाहर तीनो के टैक्टर खडे थे।

शुक्रवार की अल सुबह लगभग साढे चार बजे मारूति डिजायर कार मे सवार होकर आए तीन से चार चोरो द्वारा टैक्टरो की टंकी का लोक तोडकर पाईप डालकर तीन कैनियो मे लगभग 150 लीटर चुरा लिया चौथी कैनी भरने के दौरान इसवाक पुत्र इलियास जाग गया व घर से बाहर निकला तो उक्त चोर टैक्टर से डीजल कैनी मे भर रहे थे वह उनसे भिड गया परन्तु उक्त चोरो ने उसे हाथापाई के दौरान उसे धक्का देकर पास मे खडी मारूति डिजायर गाडी मे बैठकर गंगोह चौराहे से होते हुए थानाभवन की और फरार हो गए। चोरो द्वारा चार दिन पूर्व उनके टैक्टरो से बैटरे उतारे गए थे।

पूरे मामले की जानकारी पीडितो द्वारा जलालाबाद पुलिस चौकी पर दी गई जिसके बाद चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय ने पुलिस टीम बनाकर सीसीटीवी की मदद से चोरो तक पहुचने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही चोरो को पकडा जाएगा।

# एनडीए करियर काउंसलिंग के लिए कार्यशाला का किया गया आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज में एनडीए कैरियर काउंसलिंग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए काउंसलों द्वारा छात्रों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। शुक्रवार को कार्यशाला का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। कैरियर काउंसलिंग के लिए आमंत्रित इण्डियन एयर फोर्स के ग्रुप कैप्टन सुमित गर्ग का परिचय देते हुए जानकारी दी कि वे वर्तमान में तंजाव. ुर, तमिलनाडु एयर स्टेशन के स्टेशन कमांडर है जिनके निर्देशन में उनकी टीम ने ऑपरेशन सिंदूर में सुखोई-30 लडाकू जहाजों के द्वारा दुश्मन को विशेष आघात पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनको विभिन्न प्रकार के लडाकू जहाज को उडाने का 3000 हजार घण्टों का अनुभव है। कैरियर काउंसलिंग को सम्बोधित करते हुए ग्रुप कैप्टन सुमित गर्ग ने एनडीए में प्रवेश के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। एनडीए में प्रवेश के द्वारा आर्मी, नेवी व एयर फोर्स में ऑफिसर रैंक पर नियुक्ति प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि फोर्स में जाने से व्यक्ति में देशप्रेम की भावना का विस्तार, अनुशासन की भावना, नियमों का पालन, शारीरिक दक्षता, मानसिक दक्षता, आत्मसम्मान का भाव एवं परिस्थितियों को अपने विवेक के माध्यम से संभालने की कला का विकास होता है। हमारी सेना दुनिया की सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है।

विमानों में सबसे ज्यादा उन्नत किस्म की तकनीकी का प्रयोग किया जाता है। मौके पर प्रदीप, प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद, पुष्पेन्द्र कुमार, सुखदेव कुमार, अंकित भार्गव, अनिल कश्यप, शिवकुमार आदि मौजूद रहे।

# अल्पाइन कॉलेज की आकिफा ने बीए परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा आयोजित बीए पंचम सेमेस्टर परीक्षा में अल्पाइन कॉलेज की छात्रा आकिफा ने 72.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

बीए की परीक्षा में महाविद्यालय से कुल 240 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से कई छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रमाण दिया।

आकिफा ने 72.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, सबिया असलम ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान, और इंदु सैनी ने 70.2 प्रतिशत अंकों के साथ के तृतीय स्थान पर रही।

स्कूल मैनेजमेंट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र-छात्राओं को मुबारकबाद दी है। सुधीर विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत में उनके लेक्चर कुमारी सबिया, कुमारी रूसी, अश्वनी कुमार और मोनू कुमार इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

# बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम दिलाएंः मौलाना अजीमुद्दीन



मदरसा अजमतुल उलूम बिडौली में हाफिज कुरान करने वाले छात्रों को पगड़ी पहनाते मौलाना।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** बिडौली सादात में शुक्रवार को सालाना जलसे का आयोजन किया गया। मौलाना ने लोगों से कहा कि तालीम के बिना इंसान में जीने तथा तरक्की का सलीका नहीं आ सकता। अभिभावक अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम दिलाएं। जलसे में 10 छात्रों को कुरान पूरा करने पर पगड़ी पहनाई गई।

ग्राम बिडौली सादात स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया अजमतुल उलूम में सालाना जलसे में दस बच्चों ने कुरान ए पाक मुकम्मल किया, जिन्हें दस्तार द्धपगड़ीॠ बंदी की गई। कैराना से आए मौलाना इलयास ने खिताब किया कि बिना तालीम के कोई भी कौम तरक्की नहीं कर सकती। मौलाना अजीमुद्दीन ने कहा कि वह अच्छे अखलाक पेश कर अपना मजहबी फर्ज अदा करें और नशाखोरी जैसी गंभीर बुराइयों से दूर रहें। कार्यक्रम में मौलाना साबिर ने छात्राओं की तालीम पर जोर दिया। जलसे में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जलसे के दौरान सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं द्वारा मदरसे के पास मीठे शरबत का का कैंप लगाया, जिसमें आने जाने वाले मेहमानों का स्वागत कर उन्हें शरबत वितरण किया। इस दौरान मुस्तकीम, मोहम्मद गुलबहार, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद दाऊद, मोहम्मद मुजम्मिल आदि सैंकड़ों मुस्लिम अकीदतमंद उपस्थित रहे। जलसे की अध्यक्षता मौलाना अजीम. ुदीन, संचालन मौलाना महफूज कैराना ने किया। इस मौके पर मुफ्ती जुबेर, हाफिज शाहनाज आदि ने भी जलसे को संबोधित किया।

# मारपीट व पथराव के मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने उधारी के पैसे मांगने वालों के साथ गाली गलौच करने, मारपीट करने व पथराव करने के आरोप मे दो ग्रामीणों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि आठ अन्य अभी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुयी है।

प्राप्त समचार के अनुसार ग्राम कमालपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम किशन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर दर्ज मामले में दस आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया जबकि शेष की तलाश में टीम जुटी हुयी है। बताया गया कि वादी द्वारा अपने उधार दिये पैसे मांगने पर मोमिन पुत्र छुट्टन, कामिल पुत्र शाहआलम, जुनैद पुत्र अशरफ, आफताब पुत्र भूरे उर्फ गफ्फार, सलमान पुत्र नाजिम, ताहुजु पुत्र सरफराज अहमद, गुड्डू पुत्र सायआलम, जावेद पुत्र वकील अहमद, निवासीगण ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर ने उसके साथ गाली गलौच की।

# छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र किए वितरित, मौजूद रहे वरिष्ठ नेतागण



**शामली।** विधानसभा के गांव लिसाढ़ के जनता इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह की प्रेरणा से संचालित कौशल विकास मंत्रालय की ओर से कौशल रथ छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर की बेसिक ट्रेनिंग के लिए भेजी गई कम्प्यूटर से सुसज्जित बस कौशल रथ से प्रशिक्षण लेने के बाद आज प्रमाण पत्र वितरण किए। इस अवसर पर शामली जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, अशरफ अली खान विधायक, वारिस राव (पूर्व विधायक), जिलाध्यक्ष वाजिद अली, वीजय कुमार कौशिक, गठवाला खाप के बाबा राजेंद्र मलिक, थाम्बेदार बाबा श्याम सिंह, ऋषिराज राजड़, मुकेश सैनी व पार्टी के सम्मानित वरिष्ठ पदाधिकारीगण और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सभासद ने बिना भेदभाव के कराया काम

**स्योहारा।** नगर पालिका से दो बार लगातार भाजपा के टिकट पर सभासद चुने गए मौ. अकरम अल्वी ने पहले वार्ड चार से अपनी राजनी. ति शुरू की और सभासद चुने गये। अपने वार्ड में उल्लेखनीय विकास कार्य कर जनता का विश्वास मजबूत किया है। पारदर्शिता और जनसेवा की सोच के साथ काम करते रहें अब वार्ड 20 भाजपा से ही सभासद चुनें हुए है। मौ. अकरम अल्वी ने सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट पेयजल व्यवस्था सहित कई जरूरी कार्य कराए हैं जिससे जनता को सीधा लाभ मिला है।

वार्ड में कई गलियों का सीसी रोड में निर्माण, ऐलेडी स्ट्रीट लाइट लगवाकर गलियों में उजाले की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान कर ट्यूबवेल भी लगवाए, सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पालिका से विशेष अभियान, बुजुर्गों व विधवाओं के पेंशन फार्म भरवाने में व्यक्तिगत मदद की। सभासद अकरम अल्वी का कहना है कि जनता ने दो बार जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।

# किसानों ने धरना-प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानों सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जनहित की विभिन्न समस्याओं का समाधान कराये जाने की मांग की। इस दौराना उपजिलाधिकारी युवराज सिंह ने विभिन्न विभागो से संबंधित अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता करा उनका शीघ्र समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया।




एसडीएम कार्यालय परिसर में विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए देवबंद, नागल के ग्राम पंचायत अधिकारी, जल मिशन और लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ उनकी बैठक अपने कार्यालय में कराई। बैठक में किसानों ने जनहित की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग अधिकारियों के समक्ष रखी। साथ ही नागल स्थि चीनी मिल द्वारा अब तक पूर्ण भुगतान न किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। एसडीएम युवराज सिंह ने किसानों को सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण को आश्वस्त किया। हालांकि इस दौरान किसानों ने चेता. वनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह अनिश्चित कालीन हड़ताल या भूखहड़ताल को मजबूर होंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष ठा. अजब सिंह, तहसील अध्यक्ष शिवओम राणा, ठा. अमृत राणा, प्रिंस राणा, इजराईल प्रधान, डा. सतीश और पवन सिंह आदि संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।

# आईएएस अधिकारी ने दारुल उलूम के जिम्मेदारों से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आईएएस अधिकारी (प्रशिक्षु) विनोद कुमार मीना ने दारुल उलूम का भ्रमण कर संस्था के जिम्मेदारों से भेंट की और यहां की शैक्षिक एवं धार्मिक व्यवस्था तथा ऐतिहासिक सेवाओं सहित छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

दारुल उलूम के अतिथिगृह में आईएएस अधिकारी विनोद कुमार मीना ने मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, छात्रावास प्रभारी मौलाना मुफ्ती अशरफ अब्बास कासमी व अन्य उलेमा से मुलाकात की। उनहोंने संस्था के इतिहास, सेवाओं, पाठ्यक्रम और छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की और दारुल उलूम की प्राचीन लाइब्रेरी, रशीदिया मस्जिद समेत अन्य इमारतों को देखा। विनोद कुमार मीना ने बताया कि उन्होंने दारुल उलूम के बारे में बहुत कुछ सुना और पढ़ा था। यहां आना उनके लिए खुशी की बात है। उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी के दौरान भी दारुल उलूम के इतिहास और इसकी शैक्षणिक व धार्मिक सेवाओं का अध्ययन किया था। इस मौके पर नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार, मौलाना महमूद सिद्दीकी, सुफियान काजमी, मौलाना मुकीमुद्दीन आदि मौजूद रहे।



# दीपक राज सिंघल प्रबंधक पद पर हुए निर्वाचित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** के.एल. जनता इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए। प्रबंधक पद के लिए दो बार पूर्व में प्रबंधक रह चुके दीपक राज सिंघल और वरिष्ठ अधिवक्ता देवी दयाल शर्मा के बीच सीधा मुकाबला हुआ। जिसमें 24 मत प्राप्त कर दीपक राज सिंघल विजयी हुए।

रेलवे रोड इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित के.एल. जनता इण्टर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गए। चुनाव में कुल 42 मतों में से 37 मतदाताओं को मतदान का अधिकार प्राप्त था, जिनमें से 36 मत पड़े। मतगणना के बाद दीपक राज सिंघल को 24 मत तथा देवी दयाल शर्मा को 12 मत प्राप्त हुए। दीपक राज सिंघल को स्पष्ट बहुमत के साथ विजयी घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी कुल भूषण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। मतगणना का कार्य अपराह्न 3:00 बजे हुआ। अध्यक्षः सेठ कुलद. ीप कुमार, उपाध्यक्ष अनुपम वशिष्ठ, उप प्रबंधक देवी दयाल गर्ग, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार गिरधर, सदस्य डॉ. पन्नालाल शर्मा, श्यामवीर त्यागी, श्रवण कुमार सिंघल, अश्वनी मित्तल, अजय कुमार ऋषि, राजेंद्र कुमार शर्मा संदीप कुमार पहले ही निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारियों कुल भूषण जैन और संजय जैन ने चुनाव की निष्पक्षता और शांतिपूर्ण संचालन की सराहना करते हुए सभी मतदाताओं और प्रतिभागियों का आभार जताया।




# हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगेगा साप्ताहिक बुध बाजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रयागराज हाईकोर्ट ने नगर में लगने वाले साप्ताहिक बुध बाजार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए आदेश दिया है कि बाजार उस स्थान पर पुनः लगेगा, जहां दशकों से यह बाजार लगता आ रहा था। फैसला स्थानीय दुकानदारों की ओर से दायर याचिका के आधार पर आया है। जिसमें उनकी रोजी-रोटी के संकट का उल्लेख किया गया था।



पिछले दो महीने से स्थानीय प्रशासन की सख्ती के कारण बुध बाजार नहीं लग पा रहा था। जिससे गरीब दुकानदारों की आर्थिक स्थिति गंभीर रुप से प्रभावित हुई थी। एक दुकानदार अय्यूब ने न्यायालय में याचिका दायर करते हुए बताया था कि हमारी रोजी-रोटी का सारा आधार इस बाजार पर निर्भर है। अगर यह बाजार नहीं लगेगा तो हमारे परिवार का गुजारा कैसे होगा। 17 जून को उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर सुनवाई के बाद अपने आदेश में स्पष्ट किया कि बुध बाजार को उसके पूर्व निर्धारित स्थान पर ही संचालित किया जाएगा। साथ ही कोर्ट ने बुध बाजार पर रोक लगाने वाले पालिका के अधिशासी अधिकारी को तीन जुलाई को तलब किया है। पूर्व सभासद तौफीक अहमद जग्गी ने कहा हमने कोर्ट के आदेश की प्रति एसडीएम कार्यालय में जमा कराने के साथ ही नगर पालिका परिषद एवं कोतवाली में भी जमा कराई जायेगी।

### विरोध के चलते नहीं लग रहा था बुध बाजार

**देवबंद।** 19 अप्रैल को श्री बालाजी धाम मंदिर के बाहर मैदान में बच्चों के खेलने को लेकर मारपीट हो गई थी, इसमें मंदिर का एक सेवादार किशोर घायल हो गया था। घटना के बाद विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए थे। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंदिर समिति और हिंदू संगठनों ने उक्त मैदान में दशकों से लगने वाले बुध बाजार को न लगने देने का एलान किया था। इसके बाद पालिका की ओर से भी वहां यही एलान चस्पा किया गया था।

# योग से शरीर रहता है स्वस्थः स्वामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री कृष्ण प्रबुद्ध सिद्ध कुटी में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर में दूसरें दिन योग गुरु स्वामी शांतनु महाराज ने लोगों को योगासन का महत्व बताया। इस दौरान उन्होंने अनेको आसनों के द्वारा से शरीरिक, मानसिक व आत्मिक उत्थान के लिए आसन प्राणायाम व ध्यान योग को सिखाया। मोहल्ला गुज्जरवाड़ा के कुटी रोड स्थित श्री कृष्ण प्रबुद्ध सिद्ध कुटी गुरुकुल में शांतनु महाराज ने बताया कि प्राण की गति जहां पर भी रुक जाती है वहीं रक्त गाढ़ा हो जाता है और वही जमा हुआ गाढ़ा रक्त भयंकर बीमारियों का रूप धारण कर लेता है। उन्होंन कहा की जिस प्रकार से दूध का सार तत्व घी होता है इसी प्रकार से वायु का सार तत्व प्राण होता है। इसलिए प्रत्येक मानव को योग अभ्यास अवश्य करना चाहिए। इस दौरान शिविर मे कई असाध्य रोगों का उपचार विशेष मैडिकली आसनो के द्वारा किया गया। जिससे शारीरिक मानसिक व आत्मिक उत्थान के लिए योगा आसन विशेष रूप से सिखाए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सभासद राजकुमार जाटव ने किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक डा. अरविंद कुमार जोहरी, वैध विरेन्द्र गोयल, डा. संजय कुमार डाहारिया, यशपाल सिह जाटव, कृष्ण कुमार जोहरी, विपिन कुमार प्रधान, मेनपाल सिंह भंडारी, रोशन लाल, अलेख भगत, बबली और सुरेखा आदि मौजूद रहे।



# भीषण सड़क हादसे में बुझ गए दो चिराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नेशनल हाईवे पर बना होटल हादसों को दावत दे रहा है। अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। मुस्लिम समाज में होटलों पर दावत खाने का बढ़ता फैशन युवाओं की जान ले रहा है। ऐसे ही एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के दो चिराग बुझ गए।




प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी फहीम (21 वर्ष) व फरमान (19 वर्ष) पुत्र स्व. मौहम्मद शाकिर अपने भतीजे अली (छह वर्ष) पुत्र शाहरुख मलिक व अपने मामा के लड़के अलफैज पुत्र ताहिर मलिक निवासी ढ़क्का कर्मचंद (धामपुर) के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर उद्योवाला क्रॉसिंग पर स्थित नेशनल हाईवे के बीच में बने रेस्टोरेंट पर बीती रात्रि लगभग नौ बजे खाना खाकर घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे क्रॉसिंग को पार करते समय धामपुर की ओर से तीव्र गति से काशीपुर जा रही उत्तराखंड रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा दोनों बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने आनन-फानन चारों को सीएचसी में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने फहीम व फरमान को मृत घोषित कर दिया तथा दोनों बाल. कों की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। अली (छह वर्ष) को मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, यहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।




उधर मृतक युवकों की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि फहीम, फरमान, अलफैज व अली मोटरसाइकिल से उद्योवाला स्थित रेस्टोरेंट पर खाना खाकर घर लौट रहे थे। धामपुर की ओर से आ रही उत्तराखंड रोडवेज की बस संख्या यूके 07 पीए 4127 के चालक ने लापरवाही करते हुए टक्कर मार दी। जिससे फहीम व फरमान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा दोनों बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बस चालक घटना को अंजाम देकर बस लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने धर्मपुर स्थित उत्तराखंड सीमा पर बस को रोककर अपने कब्जे में ले लिया तथा रात्रि में ही पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में शौक की लहर है।

उधर दोनों भाइयों के शव पीएम के बाद ग्राम में पहुंचते ही कोहराम मच गया। आज उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक दोनों भाई पांच भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे।

## होटलों पर खाने का शौक पड़ रहा महंगा

**बिजनौर।** होटलों पर खाना खाने का चलन मुस्लिमों में ज्यादा बढ़ गया है। मुस्लिम समाज के युवक होटलों पर खाना खाना अपनी शान समझते है। वह परिवार की महिलाओं से खाना नहीं बनवाते है और होटलों पर जाकर दावत उड़ाते है। पूर्व में नगीना के एक पूंजीपति परिवार का युवक भी नींदड़ू के होटल से खाना खाकर लौटने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। इस तरह के हादसों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। न तो युवक सुधर रहे है और न ही उनके अभिभावक सुधारने की कोशिश कर रहे है। होटल मालिक मालामाल हो रहे है। जगह-जगह चिकन के होटल खुल रहे है। यहां पर न तो सफाई का ख्याल रखा जाता है और न ही ग्राहकों के स्वास्थ्य की कोई चिंता है।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन ना मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की है। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर चेतावनी दी यदि शीघ्र वेतन नहीं मिला तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुराग भारद्वाज व राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में अउटसोर्सिंग कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल आज जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जय करन यादव से मिला और जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन ना मिलने पर गहरी नाराजगी जाहिर कर शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से जनपद में कार्यरत आउसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन के लिए शासन से अग्रिम अनुदान की मांग करने व प्रत्येक माह नियमित वेतन सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी यदि शीघ्र वेतन का भुगतान ना किया गया तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर पर धरना दिया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटा गोविंदा मॉर्निंग क्लब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर। 21** जून को मनाए जाने वाले **11**वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पूर्व नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में आज प्रातः **6:00** बजे से जिला प्रशासन, आयुष विभाग, क्रीड़ा भारती एवं गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सहयोग से अभ्यास शिविर लगाया गया, जिसमें गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अभ्यास शिविर में योग दिवस के दिन प्रोटोकॉल के तहत किए जाने वाले सभी योगा. सनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। साथ ही जनपद की समस्त जनता से अपील की गई कि कल (आज) प्रातः **6:00** बजे स्टेडियम में होने वाले योग दिवस में अवश्य सम्मिलित हो और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अभ्यास शिविर में कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, एड. राजीव चौहान, डॉ. प्रमोद कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, सोरन सिंह परिहार, राकेश रस्तोगी, गणेश ठाकुर, वीरेंद्र कुमार वर्मा, राम मूर्ति गोतम, चरण सिंह, गणेश ठाकुर, कमलवीर आदि की उपस्थिति रही।

## तीन ग्राम पंचायतों का चयन

**नूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों को अमृत सरोवर के लिए चिन्हित किया गया है। ब्लॉक क्षेत्र में 42 अमृत सरोवर पहले से बने हुए है। खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेश पाल शर्मा ने बताया कि अमृत सरोवर बनाने का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। ब्लॉक क्षेत्र में 42 अमृत सरा. ेवर पहले से बने हुए है। ग्राम पंचायत पैजनिया, किरतपुर व हसनपुर बिल्लौच को अमृत सरोवर हेतु चिन्हित किया गया है। यहां शीघ्र ही काम शुरू हो जाएगा। सभी अमृत सरोवर के आसपास वृक्षारोपण किया जायेगा तथा ग्रामीणों के बैठने की भी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पार्क भी बनाया जाएगा। तालाबों की गन्दगी की सफाई कराई जाएगी। जिन्होंने तालाबों पर कब्जा कर रखा है, उनसे कब्जा मुक्त कराया जाएगा। तालाबों का सुंदरीकरण किया जाएगा।

# नदी के तेज बहाव में बही दो कार, लोगों ने बामुश्किल बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के मौजा विजयपुर के जंगल में दिल्ली और नगीना से घूमने आए युवाओं की दो कार नदी के पानी के तेज बहाव में बह गई। कार में सवार छह युवाओं ने बामुश्किल कूदकर जान बचाई। दिल्ली के ओखला निवासी आरिफ और रजान बुधवार को नगीना में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

शादी समारोह समाप्त होने पर दोनों युवा नगीना निवासी चार युवा दोस्तों के साथ शाम के समय दो कार से बढ़ापुर-कोटद्वार मार्ग पर पड़ने वाले मौजा विजयपुर के जंगल में घूमने जा रहे थे जैसे ही दोनों कार को जंगल के पाखरो नदी में उतारा तो नदी में तेज रफ्तार से पानी आ गया और दोनों कार पानी के तेज बहाव में बहने लगी। सभी लोगों ने जैसे-तैसे कार से कूदकर जान बचाई। दोनों कार पानी के तेज बहाव में बह गई। सभी युवाओं ने रात जंगल में ही एक डेरे पर बिताई।

सुबह होने पर सभी लोग अन्य लोगों के साथ कार को तलाशने नदी में निकल पड़े। घटनास्थल से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर एक कार पानी के कुंड में और दूसरी पानी की धार में फंसी मिली। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से दोनों कार को बाहर निकाला। दोनों कार को ट्रैक्टर की मदद से नगीना ले जाया गया है।





# कई स्थानों पर बारिश से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भीषण गर्मी एवं लड़खड़ाती विद्युत व्यवस्था के बीच आज सुबह जनपद में कई स्थानों पर बारिश हुई। जिससे राहत महसूस की गई है। भीषण गर्मी की वजह से नागरिक परेशान है। डिमांड ज्यादा बढ़ने एवं लोड अधिक होने की वजह से विद्युत विभाग की व्यवस्था लड़खड़ा गई है। जगह-जगह ट्रांसफार्मर फुंक रहे है और तार टूटकर नीचे गिर रहे है। जिसकी वजह से उपभोक्ता परेशान है। एक जगह हुआ फाल्ट ठीक भी नहीं हो पाता है और दूसरी जगह फाल्ट हो जाता है। फाल्ट ठीक करने के नाम पर बार-बार शटडाउन लेने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। बताया जा रहा है कि जब तक मानसून नहीं आएगा और विद्युत की डिमांड कम नहीं होगी, तब तक ऐसे ही हालात बने रहेंगे। दूसरी तरफ आज जनपद में कई स्थानों पर मूसलाधार और कई जगह हल्की बारिश हुई। जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई। आसमान में बादल इस तरह से मौजूद थे कि बारिश झमाझम होगी। फिर भी भीषण गर्मी में जो बारिश हुई है, वह राहत पहुंचाने लायक है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। हालांकि पूरे जनपद में बारिश नहीं हुई। इधर प्री मानसून के बाद अब मानसून भी दस्तक देने वाला है। लेकिन नगर क्षेत्रों में अभी तक नालों व नालियों की तलछट सफाई नहीं हो पाई है। नगर क्षेत्रों में पानी निकासी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़कों पर जल भराव हो जाता है। जिसकी वजह से घरों व दुकानों में पानी भर जाता है।

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र **आशीष** एवं पुत्रवधू **सलोनी** मेरे एवं मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं हैं। इनके गलत व्यवहार के कारण दोनों को अपनी चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी भी प्रकार के लेनदेन एवं गलत कार्यो के लिए मैं एवं मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**प्रमोद कुमार गुर्जर पुत्र रफल सिंह**
ग्राम रणमलपुर, थाना नागल,
तहसील देवबंद, जिला सहारनपुर।

# कोहली-रोहित की अनुपस्थिति भारत को पड़ेगी भारी

**● सीरीज को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और द. अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने जताई राय**



**दुबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो गई है। लीड्स में दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जा रहा है। भारतीय टीम इस दौरे पर विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आई है जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था।

टेस्ट सीरीज को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने अपनी राय रखी है। हेडन और स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा, मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। इसलिए मैं इस सीरीज में इंग्लैंड को जीत का प्रबल दावेदार मानता हूं।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा।

स्मिथ ने कहा, इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है। वे परिस्थितियों को समझते हैं और उसका सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाते हैं। मुझे लगता है कि शुभमन और उनकी टीम के लिए यह एक चुनौती होगी, क्योंकि भारतीय टीम के पास अनुभव की कमी है। मुझे लगता है कि बुमराह गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा हिस्सा संभालेंगे। परिस्थितियां इंग्लैंड के अनुकूल हैं और इसलिए मुझे लगता है कि वह भारत से बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# आस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव

**● वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट से लाबुशेन-स्मिथ बाहर, कोंस्टस-इंग्लिस को दिया गया मौका**



**सिडनी, वार्ता।** बारबाडोस में 25 जून से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट से पहले आस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में दो बड़े बदलाव किए हैं। मार्नस लाबुशेन को खराब फार्म के कारण टीम से बाहर किया गया है, जबकि स्टीव स्मिथ चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह सैम कोंस्टस और जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया गया है। आस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है। लाबुशेन डब्ल्यूटीसी फाइनल में दोनों पारियों में 39 रन ही बना पाए थे लाबुशेन को डब्ल्यूटीसी फाइनल में ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना सके।

पिछले दो सालों से उनका फार्म खराब चल रहा है। चयन समिति के अध्यक्ष जार्ज बेली ने कहा कि मार्नस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में टीम के लिए अहम हो सकते हैं। हम उनके साथ उनकी कमजोरियों को सुधारने पर काम करेंगे। हमें उनकी क्षमता पर भरोसा है और उम्मीद है कि वह इस चुनौती का सकारात्मक जवाब देंगे। कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा, जिन्होंने भारत के खिलाफ मेलबर्न में डेब्यू पर 65 गेंदों में 60 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लिस ने इस साल गाले में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ा था। स्मिथ डब्ल्यूटीसी फाइनल में चोटिल हो गए थे स्मिथ को लार्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन टेम्बा बवुमा का कैच पकड़ने का प्रयास करने के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लगी थी। सर्जरी से बचने के लिए उन्हें आठ सप्ताह तक स्प्लिंट पहनना होगा। हालांकि, उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज सीरीज के बाद के मैचों में वापसी कर सकते हैं। बेली ने कहा कि स्टीव को घाव ठीक होने के लिए और समय चाहिए। हम एक हफ्ते बाद उनकी स्थिति की समीक्षा करेंगे। बेली ने कोंस्टस और इंग्लिस को मौका देने पर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि जोश ने श्रीलंका में अपने डेब्यू टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। वह विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता रखते हैं। प्लेइंग इलेवन और बल्लेबाजी क्रम की घोषणा टेस्ट के करीब होगी, लेकिन कोंस्टस के उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने की संभावना है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### क्रिकेट पर सट्टेबाजी कर रहे दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, वार्ता।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लाखों रुपए के ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को रात में ईरास 100 फुट रोड पर तमिलनाडु क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए विनोद जाट को गिरफ्तार किया। जांच के बाद तीन और नाम सामने आए जिनमें मनीष, फजल और दीपक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य कार्रवाई के तहत पुलिस ने ईरास रोड पर गोपी सिंधी को ऑनलाइन सट्टे के आरोप में पकड़ा है। गोपी ने यह काम आजाद नगर स्थित एक कारोबारी के लिए करना बताया है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

### टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत, वार्ता।** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाघ्यिों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित किया: तेंदुलकर

**लंदन, वार्ता।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए ट्राफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस सीरीज से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। पटौदी ट्राफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी रखा गया है।

यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा कि मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्राफी को रिटायर किया है , लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया। उन्होंने कहा कि टाइगर पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।श पटौदी परिवार सीरीज से जुड़ा रहेगा क्योंकि अब विजयी कप्तान को नया 'पटौदी उत्दृष्टता पदक' देने का फैसला किया गया है। यह तेंदुलकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव तथा आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन जय शाह और ईसीबी के आला अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद हुआ। तेंदुलकर ने कहा कि मैंने उनसे बात की। मैंने सब कुछ बताया। मैंने यह भी कहा कि पटौदी विरासत को जीवंत रखने के लिए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे।

**कोहली, रूट व गांगुली को जगह नहीं**

# 21वीं सदी की सर्वश्रेष्ठ एकादश का ऐलान



**● इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने चुनी एकादश, द्रविड-सचिन को टीम में दी प्राथमिकता**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों ने 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी है। इस टीम में चौंकाने वाली बात मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और जो रूट का नहीं होना है।

साथ ही टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, जहीर खान और वेरी वेरी स्पेशन वीवीएस लक्ष्मण को भी इसमें जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने यह 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों की बेस्ट प्लेइंग-11 चुनी है। उन्होंने ऐसा स्काई स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान किया। ओपनिंग की जिम्मेदारी वीरेंद्र सहवाग और एलिस्टेयर कुक को दी गई है। कुक टेस्ट में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं, सहवाग को किसी भी गेंदबाजी लाइन अप की बखिया उधेड़ने में महारत हासिल है। नासिर और एथर्टन ने तीसरा स्थान राहुल द्रविड़ को दिया है। द्रविड़ किसी भी गेंदबाज को थकाने में माहिर थे। वहीं, उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 में पिछली बार इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं, नंबर चार पर इंग्लैंड के लिए जो रूट बल्लेबाजी करते हैं, जबकि भारत के लिए विराट कोहली बल्लेबाजी करते थे। दोनों ही मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और फैब-4 का हिस्सा हैं। हालांकि, नासिर और एथर्टन ने इन दोनों को शामिल न करके नंबर-चार पर दुनिया के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को खिलाया है। नंबर चार पर तेंदुलकर ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, पांचवां नंबर केविन पीटरसन को दिया गया है। पीटरसन अपने स्टायलिश अंदाज से किसी भी गेंदबाज की धुनाई कर सकते हैं। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर (षभ पंत को प्लेइंग-11 में शामिल किया है। नासिर और एथर्टन ने पेस बालिंग आलराउंडर के तौर पर बेन स्टोक्स को टीम में शामिल किया है और प्लेइंग-11 में एकमात्र स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हैं। हैरानी की बात यह है कि इसमें न तो अनिल कुंबले हैं और न ही हरभजन सिंह और न ही ग्रीम स्वान।

# सीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि: गिल

**● हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है**



**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल का मानना है कि सीना देशों यानी इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल ट्राफी जीतने से ज्यादा बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन की गैरमौजूदगी में बिना किसी बोझ के खेलने उतरेगी। इस सीरीज के जरिये कप्तान शुभमन गिल अपने टेस्ट करियर का आगाज करेंगे। जब कप्तान शुभमन गिल से पूछा गया कि वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने को अधिक महत्व देंगे या आईपीएल ट्राफी को जीतने पर जोर देंगे, जवाब में उन्होंने कहा कि श्मेरे हिसाब से टेस्ट सीरीज जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है। गिल आईपीएल में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करते हैं। आईपीएल 2025 में उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हार के बाद प्लेआफ से बाहर हो गई थी। एलिमिनेटर मैच में मुंबई ने उनकी टीम को 20 रन से हराया था। गिल ने कहा कि आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते, अगर आप अपनी पीढ़ी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है।

गिल ने भले ही इंग्लैंड में ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन वह इस चुनौती से डरे नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# बंगलादेश के दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन

**● शादमान ने 76 और कप्तान नजमुल शान्तो ने नाबाद 56 रनों की शानदार पारी खेली**

**गॉले ( श्रीलंका ), वार्ता।** नईम हसन (पांच विकेट) और हसन महमूद (तीन विकेट) ने शानदार प्रदर्शन के बाद शादमान इस्लाम (76) और कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए है और उसकी कुल बढ़त 187 रनों की हो गई है।

मैच में अब केवल एक दिन का खेल शेष है। श्रीलंका को पहली पारी में 485 रन पर रोकने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रहीं और उसने आठवें ओवर में 24 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद मोमिनुल हक (14) रन बनाकर आउट हुए। दिन का आखिरी विकेट शादमान इस्लाम (76) के रूप में गिरा। दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए है और नजमुल शान्तो (नाबाद 56) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 22) क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या, थरिंडु रत्नायके और मिलन रत्नायके ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने कल के चार विकेट पर 368 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। श्रीलंका का आज सुबह के सत्र में पांचवां विकेट कप्तान त्नानंजय डीसिल्वा (19) के रूप में गिरा। उन्हें नईम हसन महमूद ने विकेटकीपर लिटन कुमार दास के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद बंगलादेश की गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका के बल्लेबाज अत्रिाक देर तक नहीं टिक सके। कुसल मेंडिस (पांच) को हसन महसमूद ने आउट किया। मिलन रत्नायके (39), थलरडु रत्नायके (शून्य) और असिता फर्नांडो (चार) रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की पूरी टीम दूसरे सत्र में 131-2 ओवर में 485 रन के स्कोर पर सिमट गई। प्रभात जयसूर्या (11) रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से नईम हसन ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को तीन विकेट मिले।

# हैदराबाद हीरोज ने जीत की हैट्रिक पूरी की

**मुंबई, वार्ता।** जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) सीजन वन में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने अपनी दूसरी जीत हासिल की तथा हैदराबाद हीरोज ने अपनी जीत की लकीर को बनाए रखा।

आज यहां शहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने मुंबई ड्रीमर्स को एक कम स्कोरिंग थ्रिलर में हराया। बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने 12-7 से जीत हासिल की। इस बीच, हैदराबाद हीरोज ने 43-12 के स्कोरलाइन के साथ व्यापक रूप से जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में, बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने अच्छी शुरुआत की आकउइला रोकोलिसोआ ने एक प्रयास किया और फिर उसके बाद अपने किक को परिवर्तित करने के लिए अपनी तरफ बढ़त दिलाई। हालांकि, मुंबई ड्रीमर्स, जो अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने वैसा नाकुकु के प्रयास और परिवर्तन के साथ समानता हासिल की। ड्रीमर्स अपने विरोत्रिायों को दूर रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे थे, लेकिन हाफ-टाइम से ठीक पहले, ब्रेवहार्ट्स ने स्कॉट करी के महत्वपूर्ण और निर्णायक प्रयास के साथ फिर से आगे निकल गए। इसके बाद से, ब्रेवहार्ट्स ने उत्साही ड्रीमर्स के खिलाफ प्रतियोगिता को शानदार ढंग से प्रबंत्रिात किया, एक महत्वपूर्ण जीत के साथ चले गए। दिन के दूसरे मैच में, कललगा ब्लैक टाइगर्स, जिन्हें एक जीत की आवश्यकता थी, ने हैदराबाद हीरोज के खिलाफ पहला रक्त देखा।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी: पहला टेस्ट- पहला दिन**

# भारत ने पहली पारी में तीन विकेट पर 231 रन बनाए

**● यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए**



**लीड्स,वार्ता।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला मैच भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

शुक्रवार को मैच का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारतीय टीम ने पहली पारी में तीन विकेट पर 231 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल 67 और ऋषभ पंत 6 रन पर नाबाद हैं। यशस्वी जायसवाल (101 रन) को बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने साई सुदर्शन डेब्यू (शून्य) को भी आउट किया। केएल राहुल (42 रन) को ब्रायडन कार्स ने आउट किया। भारत ने 53वें ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर दिया। यह स्टोक्स का दूसरा विकेट है। उन्होंने 129 रन की साझेदारी को तोड़ा। भारतीय बैटर्स ने दूसरे सेशन में जोरदार वापसी की। 26.2 ओवर के इस सेशन में भारत ने कोई विकेट नहीं गंवाया। साथ ही 123 रन बनाए। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने शतक पूरा किया, तो कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतक पूरा किया। मैच का पहला सेशन मिलाजुला रहा था। 51वें ओवर की पांचवीं बाल पर भारत को 5 एक्स्ट्रा रन मिले। यहां बेन स्टोक्स राउंड द विकेट बालिंग करने आए। यशस्वी जायसवाल ने शाट खेला, गेंद एज लेकर स्लिप की ओर गई, लेकिन फील्डर के आगे ही गिर गई। दूसरे स्लिप में खड़े हैरी ब्रूक ने गेंद को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वो हाथ से छूटकर विकेटकीपर के पीछे रखे हेलमेट्स से जा टकराई। नियमों के अनुसार बल्लेबाजी टीम को इसके लिए 5 पेनल्टी रन मिलते हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में पहला शतक बनाया। उन्होंने टेस्ट करियर में 5 शतक लगाया है। यशस्वी ने ब्रायडन कार्स के ओवर में लगातार दो चौके लगाए और एक रन लेकर शतक पूरा किया। 46वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। जायसवाल ने शोएब बसीर के ओवर की 5वीं बाल पर चौका लगाकार साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 92 रन पर दूसरा विकेट गंवाया था। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 43वें ओवर में हॉफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने जोश टंग के ओवर की दूसरी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। यह गिल का बतौर कप्तान पहला टेस्ट अर्धशतक है। बेन स्टोक्स ने 39 ओवर के खेल के बाद स्पिनर्स को बाल थमाई है। शोएब बसीर दिन का पहला ओवर डाल रहे हैं। उनकी पहली बाल पर यशस्वी जायसवाल ने चौका लगाया। इससे पहले 39 ओवर में तेज गेंदबाजों ने डाले। 38वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का स्कोर पार कर लिया है। यशस्वी जायसवाल ने क्रिस वोक्स के ओवर में तीन चौके लगाकर टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने 36वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। कप्तान गिल ने क्रिस वोक्स के ओवर की 5वीं बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 92 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था। यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 35वें ओवर की 5वीं बाल पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। यह ओवर जोश टंग डाल रहे थे।

# 55 डिग्री तापमान में किसान ने पेड़ों पर उगाए सेब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कश्मीर और हिमाचल के ठंडे इलाकों में पैदा होने वाले सेब को नानौता ने एक किसान ने 55 डिग्री तापमान में भी उगा दिया है। किसान ने सेब के जो पेड लगाये है उनसे 3 साल में ही पैदावार के साथ कमाई भी होने लगती है।

जिले के ननौता ब्लॉक के रहने वाले शहंशाह आलम ने एक मिसाल कायम की है। वह पेशे से शिक्षक हैं लेकिन खेती में भी उनकी रुचि कम नहीं है। पारंपरिक खेती छोड़कर उन्होंने कुछ अलग करने की ठानी और यूट्यूब से प्रेरणा लेकर हिमालयी सेब की खेती सहारनपुर की गर्म धरती पर शुरू कर दी।

उन्होंने हरिवन 99 वैरायटी के लगभग 100 पौधे लगाए जो कि राजस्थान और गर्म क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से विकसित की गई है। यह वैरायटी 50 से 55 डिग्री तापमान में भी अच्छे से फल देती है। पांच साल पहले लगाए गए पौधों से अब हर पौधे से 10-15 किलो तक फल मिल रहा है। उन्होने बताया कि सेब की यह फसल आम से पहले आती है, जिससे इसका बाजार मूल्य भी बेहतर मिलता है। यह सेब मंडी में 100 प्रति किलो तक बिक रहा है। इस वैरायटी में विटामिन ब भरपूर मात्रा में होता है और स्वाद में भी यह बेहद टेस्टी है। इसकी खासियत यह है कि यह ठंड की बजाय गर्मी में भी फलता है और जब दूसरे सेब बाजार से गायब हो जाते हैं, तब यह उपलब्ध होता है। इस कारण इसे अच्छे दाम मिलते हैं।



हरिवन 99 वैरायटी हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर गांव में विकसित की गई है। शहंशाह आलम ने बताया कि शुरू में तीन साल बाद ही फल आना शुरू हो जाता है और 8 साल में एक पौधा 40-50 किलो फल देने लगता है। उन्होंने 100 पौधे लगाए थे जिनमें से 20 खराब हो गए, लेकिन बाकी से उन्हें काफी उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। वह न सिर्फ खुद खेती कर रहे हैं, बल्कि अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रहे हैं कि वे पारंपरिक खेती से हटकर नई फसलों को अपनाएं और अधिक मुनाफा कमाएं।

शहंशाह आलम की यह पहल साबित करती है कि अब हिमालय की फसलें भी मैदानी इलाकों में उगाई जा सकती हैं, बशर्ते वैज्ञानिक तरीके और सही वैरायटी का चयन किया जाए।

किसान शहंशाह आलम बताते है, मैंने जो सेब की वैरायटी लगाई है, वह हरिवन 99 है, जिसे खास तौर पर राजस्थान और गर्म इलाकों के लिए विकसित किया गया है। यह 55 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी अच्छे से फल देता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि जब बाकी सेब मार्केट से गायब हो जाते हैं या कोल्ड स्टोरेज वाले भी खत्म हो जाते हैं, उस समय यह फल बाजार में उपलब्ध होता है, जिससे हमें अच्छे रेट मिल जाते हैं।

किसान ने बताया कि इसकी फसल तीसरे साल से ही आनी शुरू हो जाती है। शुरू में 2 से 4 सेब मिलते हैं और जैसे-जैसे पौधा बढ़ता है, फल की मात्रा भी बढ़ती है।

# पार्षद टिंकू ने दर्ज कराई सैंकड़ों आपत्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विधानसभा प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने आज नगर निगम टैक्स विभाग पहुंचकर जी.आई. सर्वे को लेकर नगर की सैकड़ों आपत्तियों को अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराया। उन्होंने जी.आई. टैक्स को जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह सर्वे सहारनपुर की जनता पर आर्थिक बोझ बनता जा रहा है।

टिंकू अरोड़ा ने कहा कि इस सरकार में कोई भी वर्ग खुश नहीं है, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, कोई भी इस टैक्स की मार से अछूता नहीं रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह व्यवस्था जल्द वापस नहीं ली गई तो नगर में एक बड़ा जनांदोलन खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि यह टैक्स उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू किया गया है, लेकिन सहारनपुर नगर के जनप्रति. निधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष के एक प्रतिनिधि के हालिया बयान को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले कहा गया था कि सर्वे स्थगित कर दिया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नगर भर में अब भी नोटिस बांटे जा रहे हैं, जिससे जनता में भारी रोष व्याप्त है। बसपा पार्षद नितिन जाटव ने भी इस टैक्स को सीधे तौर पर जनता का उत्पीड़न करार दिया। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में लोगों के लिए घर चलाना भी मुश्किल हो गया है और ऐसे में इस प्रकार के टैक्स लागू करना अनुचित है। विपक्षी पार्षदों ने मिलकर स्पष्ट किया कि एक मजबूत पार्षद दल शीघ्र ही इस मुद्दे पर एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। उनकी मांग है कि जी.आई. सर्वे को पूरी तरह निरस्त किया जाए और ऐसे किसी भी टैक्स को लागू न किया जाए जिससे आमजन को पीड़ा हो।



# जिला कारागार में लगा स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला कारागार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने बंदियों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की।

आज जिला कारागार में कैदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के चिकित्सकों की विभिन्न टीमों ने बंदियों के सामान्य स्वास्थ्य की जांच की और दवाई वितरित की। इस दौरान आधुनिक हैंड हेल्ड ऑटोमेटिक डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से मौके पर ही एक्स-रे जांच भी की गई। सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड़ ने शिविर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश ने उन्हें जेल अस्पताल, डिस्पेंसरी, लाइब्रेरी एवं कौशल केंद्र का भ्रमण भी कराया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने आपातकालीन जीवन रक्षक मेडिकल किट की भी जांच की और उसमें कुछ अतिरिक्त आवश्यक दवाएं एवं उपकरण शामिल करने के निर्देश दिए। शिविर में वरिष्ठ टीबी लैब पर्यवेक्षक एम.पी. सिंह चावला, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक पंवार, स्वास्थ्य विभाग की तकनीकी टीम, काउंसलर, लैब टेक्नीशियन और एक्स-रे टेक्नीशियन उपस्थित रहे।

## हादसे में दो घायल

**गंगोह।** दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर से दो घायल हो गए।

बाइपास मार्ग स्थित प्रभा गार्डन के पास दो बाइको की आमने सामने की जोरदार भिड़त में युवक शिवम रजत हुए घायल हो गया। रहागीरो नें घायलों को प्राइवेट अस्पताल मे भेजा गया। बताया गया है की शिवम शोभित यूनिवर्सिटी का छात्र है जबकि रजत मुथूट फाइनेंस का कर्मचारी बताया गया है।

इसके अलावा कुतुबखेड़ी निवासी मुकेश सैनी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात वह परिजनों के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर सो रहा था। गुरुवार की रात करीब तीन बजे कुछ घर मे आहट सुनाई दी। नीचे मकान देखने पर आठ बोरी सरसों और घर में रखे पांच हजार रुपये गायब थे। किसान ने गांव के ही एक युवक पर उनके घर से चोरी करने का आरोप लगाया है।

# पीएम व सीएम आवास योजना की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निमार्ण कार्यों में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का संतुलन बनाएं रखें।

सीडीओ श्री महाजन कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत विद्युत बिलों संबंधी प्रकरणों में विद्युत विभाग के अधिकारियों, वैण्डरों एवं पीओ नेडा की अलग से बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है इसमें अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।



पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना में लंबित आवेदनों को समय सीमा के अंदर निस्तारित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खंड विकास अधिकारी फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं। बीडीओ ब्लॉक स्तर पर योजनाओं की नियमित समीक्षा करें। पर्यटन संबंधी अनारंभ कार्यों हेतु आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्रता से आरम्भ किया जाए। गौशालाओं में संरक्षण हेतु आए गौवंश का ईयर टैगिंग जरूर कराया जाए। श्री महाजन ने कहा कि खराब रैंकिंग वाले विभाग कार्यशैली में सुधार लाएं। कन्या विवाह सहायता योजना में लंबित आवेदनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रम विभाग की योजनाओं में लंबित अन्य आवेदनों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करना शुरू करें। बैठक में डीएफओ शुभम सिंह, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मारपीट में दो को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** मामूली कहा. सुनी को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई,देवबंद कोतवाल ने दोनों पक्षों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गांव तल्हेडी बुजुर्ग में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। तत्पश्चात मारपीट का मामला तल्हेडी चौकी पर जा पहुंचा जहां मुर. सलीन पुत्र नसीबू ने चौकी में नामजद तहरीर देते हुए बताया कि मेरा पुत्र तोय्यब नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में जा रहा था इसी बीच गांव के ही नूर पुत्र रियाशा,शाहदीन पुत्र कल्लू ओर मोनू पुत्र रियाशा ने उसे गाली गलौज शुरू कर दी। जिसके बाद मेरे पुत्र तोय्यब ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने धारदार हथियारों से उस पर हमला कर दिया। मैंने उसे बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने मेरे साथ भी मारपीट कर मुझे भी घायल कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बमुश्किल हमे उनके चंगुल से छुड़वाया।

पीड़ित ने दबंग लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।उधर दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देकर उचित कार्रवाई के लिए गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को देवबंद कोतवाली में पहुंचा दिया।जहां देवबंद कोतवाल धर्मेन्द्र कुमार ने झगड़े की गहनता से छानबीन की ओर दोनों पक्षों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करते हुए मोनू पुत्र रियाशा ओर मुरसलीन पुत्र नसीबू पर चालानी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# 12 वें दिन भी धरने पर डटे रहे सफाई कर्मचारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के संयुक्त बैनर तले नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का आंदोलन आज बारहवें दिन भी जारी रहा। नगर निगम प्रांगण में चल रहे धरने में कर्मचारियों ने महापौर, नगरायुक्त और स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। धरने के दौरान कमलेश, चेतन चनयाने, वरदान घावरी, अविनाश बिरला, जाशु बिरला, आशीष महरोल, अमित गौहर व हिमांशु कल्याण सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे। कर्मचारियों के प्रदर्शन का नेतृत्व चेतन चनयाने, रघुवीर चंदेल, मनमोहन सूद, प्रीतम सिंह प्रेमी, राजकुमार बिरला, बृजमोहन धनालिया, अम्बर चंदेल आदि ने किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि आंदोलन के 12 दिन बीत जाने के बावजूद नगर निगम प्रशासन अभी तक मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं कर सका है। चेतावनी देते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि अब भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शुक्रवार से सभी कर्मचारी नगर निगम पर झाड़ू लेकर हल्ला बोलेंगे। बृजमोहन चनालिया, चेतन चनयाने, रघुवीर चंदेल, वरदान घावरी व अविनाश बिरला ने संयुक्त रूप से कहा कि निगम प्रशासन की अनदेखी से कर्मचारी क्षुब्ध हैं। महेन्द्र वेद, सुनील घाघट, आशु बिरला और आशीष महरोल ने बताया कि मंडलायुक्त व नगर विकास मंत्री को इस बाबत सूचित कर दिया गया है। यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुईं तो सभी संगठन मिलकर सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू करेंगे। धरने में रोहित प्रधान, प्रीतम सिंह प्रेमी, राज. कुमार बिरला, बृजमोहन सूद, मनमोहन सूद, सोनू सुपरवाइजर, कमलेश, कविता देवी, कान्ता देवी, श्यामो, कुलदीप हंस, महेन्द्र बेदी, गीता, सरला, रतन, ईश्वर सिंह, नाथीराम, तौसीफ सहित भारी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



## कप्तान का पुलिस लाइन में निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा आज रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस बल की कार्यशैली और अनुशासन की सराहना की।

परेड के उपरांत एसएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र, परिवहन शाखा, आवासीय भवनों, बैरकों तथा भोजनालय का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# दलित समाज का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गांव पैरागपुर में अनुसूचित जाति व मुस्लिम समुदाय के बीच शमशान घाट तक जाने वाले मुख्य मार्ग को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने आज उस समय गंभीर रूप ले लिया, जब अनुसूचित जाति से संबंधित सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों पर सौ साल पुराने रास्ते को जबरन बंद करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह विवादित रास्ता खसरा संख्या 141, 146 और 147/1 से होकर गुजरता है, जो अल्ताफ पुत्र उमर, अकबर आदि के नाम दर्ज है। यह रास्ता टपरी रेलवे जंक्शन से ग्राम दुधली होते हुए सहारनपुर शहर को जोड़ता है और गांव की अनुसूचित जाति बस्ती से होकर पूर्वी दिशा में स्थित शमशान घाट तक पहुंचता है। ग्रामीणों के अनुसार रास्ते पर पहले से ही 11 केवी के विद्युत खंभे लगे हुए हैं और गूगल मैप पर भी यह स्पष्ट रूप से दिखता है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वर्ष 2016 में इसी रास्ते को चौड़ा करने के लिए गांव के स्तर पर लगभग 90 हजार रुपये भी संबंधित प्रॉपर्टी डीलरों को दिए गए थे। उस समय यह भूमि अकबर नामक व्यक्ति ने अखलाक, दिलशाद व शमशाद को सौंप दी थी, जो प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य कर रहे थे। लेकिन अब नए डीलरों द्वारा प्लॉटिंग की जा रही है और रास्ते को लेकर किसी तरह का सहयोग नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जमीन मालिक अल्ताफ, अकबर और मीर आलम ने जिस लेआउट प्लान में पहले मुख्य सड़क दर्शाई थी, उसे अब जानबूझकर करीब 10 फीट उत्तर दिशा में खिसका दिया गया है। इसका सीधा असर अनुसूचित जाति के परिवारों पर पड़ रहा है, जो अब शमशान घाट नहीं पहुंच पा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी से शीघ्र हस्तक्षेप कर रास्ता दोबारा बहाल कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या समाधान नहीं किया गया, तो गांव में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ सकता है और वे सामूहिक धरना व आंदोलन को मजबूर होंगे।

इस दौरान उषा, पिंकी, पुष्पा, सरिता, कमलेश, संतोष, मिथलेश, संजो, सीमा, सविता, सुषमा, रानी, सरेशो, सलेलता, सुदेश, संयोगिता, कुसुम, जगदीश, नीलम, रानी, शिवकुमार, खेमचंद, रमेश कुमार, संदीप कुमार, अजय सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्मैक समेत पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को स्मैक सहित पकड़कर जेल भेज दिया।

नकुड थाना प्रभारी अविनाश गौतम ने बताया कि चौकी आजाद सिंह ने पुलिस टीम ने गस्त के दौरान पुलिस ने गंगोह रोड स्थित बाई खेडी के निकट शाहरुख पुत्र जुल्फाम निवासी घाटमपुर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 21 ग्राम स्मैक बरामद की है। अभियुक्त शाहरूख ने पूछाताछ में बताया कि मेरा एक साथी जों मेरे साथ स्मैक बेचने का काम करता था मौके से फरार होने में कामयाब रहा है।

### जत्था रवाना

**गंगोह।** लगातार 25 सालों से गोमुख से गंगो जल लेकर बाबा केदार नाथ धाम पर अभिषेक करने वाले पदयात्रियों का जत्था इस बार भी हरहर बम बम के जयकारों के बीच शिवचौक से रवाना हुआ।

# मुन्नालाल में योग महाकुंभ का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मुन्नालाल एंड जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज के तत्वावधान में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग महाकुंभ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की प्रो. विमला वाई द्वारा वाग्देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की प्रतिज्ञा ली गई और योग की महत्ता व आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य श्रीमती घ्तु कपिल जी एवं कॉलेज की छात्रा शुभावरी चौहान ने योग की विभिन्न योग मुद्राएं प्रदर्शित कीं तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षिकाओं व अन्य गर्भवती महिलाओं को योग की महत्ता और आवश्यकता के विषय में जागरूक किया।

कार्यक्रम का संचालन एसो. प्रो. अनुपम गुप्ता द्वारा सुचारू रूप से किया गया। सभी ने श्स्वस्थ रहें, निरा. ेग रहें का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. विमला वाई ने सभी को योग की महत्ता के बारे में बताया।



कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रो. अमिता अग्रवाल, प्रो. जया, प्रो. सीमा रानी, एसो. प्रो. डॉ. रीता बोरा, असि. प्रो. डॉ. साक्षी एवं असि. प्रो. डॉ. दीक्षा उपस्थित रहे। सभी छात्राओं एवं गर्भवती महिलाओं व अन्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं एवं गर्भवती महिलाओं ने योग के विषय में विभिन्न प्रश्न किए, जिनका समाधान योगाचार्य द्वारा किया गया।

# नेत्रदान कर दूसरों को दें रोशनी: प्रदीप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** दृष्टि-एक प्रयास की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से दोबारा अध्यक्ष अमित गर्ग को चुना गया। सचिव गगन गर्ग व कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल को चुना गया। बैठक में संस्था के विस्तार और जागरूकता अभियानों को नई दिशा देने पर मंथन हुआ।

रामबाग रोड पर संस्था सदस्य राजेश गोयल के निवास पर आयोजित बैठक की शुरुआत पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने की। उन्होने कहा कि मरणोपरांत नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों व पंचायत स्तर तक नेत्रदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे। बैठक में एक परिवार के पांच सदस्यों संतोष गोयल, शुभी गोयल, प्रखर गोयल, निहारिका गोयल और अशोक गोयल ने मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प पत्र भरकर संस्थाध्यक्ष को सौंपा। अध्यक्ष ने बताया कि संस्था अब तक 41 जोड़ी आंखों और एक देहदान को संपन्न कराने में सफल रही है। साथ ही लगभग 700 से अधिक लोग नेत्रदान का संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि संस्था अब आस-पास के कस्बों और ग्रामीण अंचलों में अपनी शाखाएं गठित करेगी और 'दृष्टि मित्रों' की नियुक्ति करेगी, ताकि जागरूकता का दायरा और व्यापक हो सके।

बैठक में सहीराम सैनी, शशिक. ांत शर्मा, मनोज जैन, रजनी राजपूत, अशोक गोयल, पीयूष गोयल, बिजेंद्र गर्ग, निर्मल जैन, संगीता गर्ग, सचिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सचिवालय प्रधान सहायक के इंतजार में

**गंगोह।** करीब डेढ़ साल से कुंडाकला का सचिवालय प्रधान सहायक की इंतजार में है। पूर्व प्रधान सहायक के न होने से सचिवालय बंद रहता है।

योगी सरकार ने गांव में प्रधान सहायकों की नियुक्ति इसलिए कि थी ताकि केन्द्र व राज्य सरकारों की लाभार्थी योजनाओं का अविलम्ब जनता को अपने ही गांव में सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके, लेकिन कुंडा कलां में तो प्रधान सहायक का ही अता पता नही है। प्रधान सहायक उर्फ कम्प्यूटर आपरेटर का काम गांव मे विकास कारी योजनाओं पर आय-व्यय का ब्योरा रखना, परिवार रजिस्टर व मनरेगा का लेखा-जोखा रखने के साथ ही वृद्धा, विकलांग, विधवा, निराश्रितों आदि लाभार्थी की पेंशन के फार्म आदि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना होता है।

# साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक



**सहारनपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की कोर कमेटी की बैठक में साइबर क्राइम के प्रति सभी को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी विशेष जानकारी प्रदान की।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित बैठक की शुरुआत साइबर क्राइम विषय पर जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें एसपी सिटी व्योम बिंदल तथा एएसपी साइबर क्राइम मनोज यादव द्वारा उपस्थितजनों को महत्वपूर्ण जानका. रियां दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार के साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत नेशनल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। बैठक में आगामी 6 जुलाई को आईवीएफ के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इसमें मुख्य रूप से रक्तदान कैंप का आयोजन महाराज सिंह अस्पताल, जवाहर पार्क में किया जाएगा। इसके साथ-साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं योग दिवस से जुड़ी गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। संगठन की सदस्यता बढ़ाने, नई युवा टीमों के गठन, एवं संगठनात्मक मजबूती के लिए सुझाव प्रस्तुत किए गए और कार्य योजना तैयार की गई। बैठक में संगठन के वरिष्ठ सदस्य, युवा प्रतिनिधि और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

शनिवार, 21 जून 2025

# एक और नया शिगूफा

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुए लगभग चालीस दिनों का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक इन अटकलों पर विराम नहीं लगा है कि यह सीजफायर किसने कराया था। जहां तक बात भारत की है, भारत ने अपनी तरफ से साफ कर दिया कि यह संघर्ष विराम भारत पाक के सैनिक अधिकारियों के बीच में हुई वार्ता से अमल में आया था और इसमें किसी दूसरे देश की कोई मध्यस्थता नहीं थी। सभी जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत-पाक सीजफायर को लेकर बयान देते रहे हैं। उनका दावा रहा है कि उनके प्रयासों से ही भारत पाक के बीच में सीजफायर हो पाया था। शुक्रवार को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाकडार ने यह कहकर इस पूरे मुद्दे को और उलझा दिया कि सऊदी प्रिंस ने छह-सात मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था। फिर हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। उनके अनुसार सऊदी ने तनाव कम करने की कोशिश की, डार ने यह भी कहा कि प्रिंस ने फोन पर कहा कि पाक कहे तो वह विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करते हैं। मतलब साफ है कि सऊदी के प्रिंस ने पहले पाकिस्तान के शासकों से बात की और उनकी रजामंदी होने पर भारत से बात की गई। डार की मानें, तो सऊदी अरब ने ही मध्यस्थता कर सीजफायर कराया। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आखिर बार-बार यह राग क्यों अलापा रहे हैं और इसके पीछे उनकी मंशा क्या है। वह क्यों भारत को अपनी हरकतों से असहज कर रहे हैं। बात सीजफायर की ही नहीं कई चीजें पिछले कुछ दिनों से ऐसी देखने में आ रही हैं जो यह बताती हैं कि भारत के प्रति अपनी अच्छी राय वह नहीं रखते हैं। प्रवासी कैदियों के संबंध में हमने देखा कि किस तरह हथकड़ी व बेड़ियों में जकड़कर हमारे लोगों को सैनिक विमान में भेजा गया था वह भी तब जब हमारे पीएम मोदी अमेरिका में जाकर डोनाल्ड ट्रम्प से बात कर चुके थे। कनाडा में भी देखने में आया जब पीएम मोदी से उनकी प्रस्तावित यात्रा होनी थी। जहां वह जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए थे। बाद में भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रम्प से 35 मिनट तक फोन पर बात की। जिसमें सीजफायर का मुद्दा भी उठा और पीएम मोदी ने उसमें साफ कहा कि भारत-पाक के बीच वार्ता से ही यह संभव हो पाया था और इसमें तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। अब डार यह कह रहे हैं कि सऊदी प्रिंस ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत सरकार दृढ़ता के साथ सार्वजनिक रूप से यह कहे कि डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया इस मामले में ठीक नहीं है और जो वह कह रहे हैं ऐसा कुछ नहीं हुआ। जब तक सरकार ऐसा नहीं कहती तब तक अटकलें लगती रहेंगी और नई बातें सामने आती रहेंगी और सभी अपने-अपने तरीके से इस बात को तोड़ मरोड़कर पेश करते रहेंगे। असल में गुपचुप समझौतों का ऐसा ही हश्र होता है। हां इतनी बात जरूर है कि डार ने यह जरूर माना कि भारत के आक्रामक रवैये से ही पाक को बैकफुट पर आना पड़ा।

## अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा



अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है, यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए, भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें, अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है, अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी, भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है, हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो बच्चों को बराबरी का मौका दे।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर अटकलें हुईं तेज



**यशोदा श्रीवास्तव**



**अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महरा. जगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था।**

यूपी में कांग्रेस की बिहार और ओडिशा जैसी सक्रियता की जरूरत है। बिहार और ओडिशा में जबसे प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष बदले गए हैं तब से इन दोनों प्रदेशों में अपने दम पर कांग्रेस खड़ी होती हुई दिख रही है। बिहार में कन्हैया कुमार ने पदयात्रा कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस को हलचल में ला दिया है, तो प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के समवेत प्रयास और रणनीति से सांगठनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। यहां भी कांग्रेस आरजेडी और कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन में है। गठबंधन के सहयोगियों को बिना डिस्टर्ब किए कांग्रेस ने इस कोने से उस कोने तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब हुई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार में कांग्रेस का झंडा और होर्डिंग जगह-जगह दिखाई पड़ने लगा है।

भाजपा शासित राज्य ओडिशा में भी कांग्रेस ने संगठन में पहली बार बहुत सोच-समझकर कर प्रभावशाली बदलाव किया है। लंबे समय तक बिहार प्रदेश का प्रभारी रहे पार्टी के सीनियर लीडर भक्त चरण दास को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी है वहीं यूपी में बहुत चर्चित कांग्रेस अध्यक्ष रहे अजय कुमार लल्लू को ओडिशा प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार की सक्रियता का रिकॉर्ड रहा है। धरना-प्रदर्शन की गतिविधियां ऐसी थी कि लल्लू पर इस दौरान रिकॉर्ड मुकदमे भी दर्ज किए गए। बतौर प्रदेश प्रभारी ओडिशा में भी लल्लू की सक्रियता चर्चा में है।

बिहार और ओडिशा में जैसी कांग्रेस की सक्रियता है, यूपी के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने वैसी ही सक्रियता यूपी में भी जरूरी बताया है। हालांकि यह पार्टी के सांगठनिक ढांचे पर निर्भर करता है। यूपी में आज नहीं करीब एक दशक से पार्टी का संगठन बस नाम मात्र का है। इस दरम्यान जब लल्लू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे तब जरूर कांग्रेस यहां वहां धरना-प्रदर्शन करते देखी जा रही थी। इसका खामियाजा भी लल्लू को भुगतना पड़ा है। उनके ऊपर दम पर दम मुकदमा भी दर्ज हुआ। वे विधानसभा का चुनाव हार गए तो उनकी अध्यक्षी चली गई, लेकिन कांग्रेस आलाकमान उनकी अहमियत को समझते हुए उन्हें ओडिशा का प्रभारी बना दिया। वे वहां भी कांग्रेस की मजबूती के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।

लल्लू के बाद यूपी में कांग्रेस ने एक के बाद एक अध्यक्ष पद पर बदलाव तो किया, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाए। अभी अजय राय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। वे वाराणसी के हैं। लोकसभा चुनाव में कई राउंड की मत गणना में उन्होंने मोदी से बढ़त बना कर खूब सुर्खियां बटोरी थी। कई बार के विधायक और प्रदेश में मंत्री होने की उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। वे भाजपा में भी रहे हैं। बतौर अध्यक्ष उनसे जो अपेक्षा थी शायद पार्टी आलाकमान को वे पूरी नहीं कर पा रहे हैं। उनके ही कार्यकाल में यूपी के जिलों में 90 प्रतिशत नए अध्यक्ष मिले हैं लेकिन नए अध्यक्षों के पद भार ग्रहण किए करीब चार माह बीत गए अभी तक शेष पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्रदेश का संगठन भी आधा अधुरा ही है।

माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान यूपी कांग्रेस संगठन के ढीले-ढाले रवैये से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अंदरखाने बदलाव की सुगबुगाहट है। 2026 लगते ही यूपी में विधानसभा का चुनावी वर्ष प्रारंभ हो जाएगा। इतनी जल्दी संगठन खड़ा करने की सिर्फ खानापूर्ति ही हो सकती है। बूथ छोड़िए जिलों में ही मजबूत संगठन खड़ा कर पाना मुमकिन नहीं है। अब जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी विधानसभा प्रत्याशियों के चयन में जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी तय कर रहे हों तो यूपी में यह कैसे संभव है? जहां का संगठन ही कमजोर हाल है। यूपी विधानसभा चुनाव सपा और कांग्रेस मिलकर ही लड़ेगी, यह तय है। हाल ही अखिलेश यादव ने भी अपने बयान में यह स्पष्ट कर दिया है।

ऐसे में कांग्रेस चाहेगी कि यूपी कांग्रेस का अध्यक्ष ऐसा हो जिसका तालमेल सपा संगठन या राष्ट्रीय अध्यक्ष से बेहतर हो। यूपी में सपा का पीडीए फार्मूला हावी है। कांग्रेस चाहेगी कि इसका लाभ उसे सपा के ही बराबर मिले। सीटों के बंटवारे में भी कोई पेंच न रहे। जाहिर है बिहार में जैसे आरजेडी बड़ी भूमिका में होगी वैसे ही यूपी में सपा बड़ी भूमिका में होगी। यह तय है कि आने वाले कुछ दिनों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बदलाव होना है। कांग्रेस आलाकमान यूपी में किसी ऐसे चेहरे की तलाश में है जो गठबंधन को देखते हुए यहां के राजनीतिक समीकरणों को साधने में माहिर हो। यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। 2017 में कांग्रेस सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी, लेकिन तब भी बहुत फायदे में नहीं रही। केवल सात विधायक ही चुने गए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 में स्थित भिन्न होगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम को ही पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा है। पार्टी सीटों के बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरती तो निश्चित ही फायदे में रहेगी, लेकिन इसके पहले अध्यक्ष का चयन एक चुनौती है। पहले चर्चा थी कि किसी मुस्लिम को यह पद दिया जाए, लेकिन सांसद इमरान मसूद का सपा के प्रति दिया बयान इस पर पानी फेर दिया।

ऐसे में पार्टी का फोकस किसी मजबूत पिछड़े वर्ग के नेता पर है। अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महराजगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था। तब से वे अखिलेश यादव के प्रिय हो गए हैं। जरूरी नहीं कि कांग्रेस आलाकमान वीरेंद्र चौधरी पर ही दांव लगाए, लेकिन इस बार कांग्रेस अध्यक्ष के चयन में पार्टी जो खूबी ढूंढ रही है, निसंदेह वीरेंद्र चौधरी में सांगठनिक क्षमता के साथ-साथ वे सारी खूबियां हैं। वीरेंद्र चौधरी की राजनीतिक पृष्ठभूमि चूंकि बसपा की रही है, इसलिए न केवल राजनीतिक गुणा गणित में वे माहिर हैं, गठबंधन धर्म निभाना भी उन्हें बखूबी आता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की उपस्थिति देश को प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन

**जिस राहुल ने जनता के साथ ही देश के बिखरे पड़े विपक्ष में भी नई जान फूंक दी है। देश की आत्मा को एक कर दिया है। जिसने साहस पूर्वक सत्ता को अधिनायकवाद की सीढ़ियां चढ़ने से रोक दिया है। ओबा. मा को लिखना पड़ेगा कि भारत में राहुल की उपस्थिति अधिनायकवाद के खिलाफ प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन है।**



**श्रवण गर्ग**

बराक ओबामा से अनुरोध किया जाना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए एक बार फिर भारत की यात्रा पर आएं यह देखने के लिए कि जिस राहुल गांधी से वे आखिरी बार मिले होंगे वह और भारत पिछले आठ सालों में कितना बदल गया है। अमेरिका वापस पहुंचने के बाद ओबामा एक नई किताब लिखें जो सिर्फ राहुल पर केंद्रित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माय फ्रेंड बराक ने अपनी पिछली भारत यात्रा के बाद प्रकाशित किताब में जिस राहुल गांधी का जिक्र किया था उसका स्थान किसी नए राहुल ने ले लिया है और हो सकता है उसकी पूरी जानकारी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को नहीं हो।

ओबामा भारत में सिर्फ डॉ मनमोहन सिंह के प्रशंसक रहे हैं। इतने घोर प्रशंसक कि अपने प्रथम कार्यकाल (2009-2013) में डॉ. सिंह को अपना पहला राजकीय अतिथि बनाया। व्हाइट हाउस के भव्य समारोह में ओबामा जब डॉ. सिंह की तारीफ कर रहे थे पूरे अमेरिका और भारत भर से वाशिंगटन पहुंची बड़ी-बड़ी हस्तियां दोनों नेताओं को खड़े-खड़े सुन रहीं थीं। उस बात को गुजरे चौथाई सदी बीत गई। डॉ. सिंह के साथ यात्रा पर गए पत्रकारों के दल के सदस्य के तौर पर मैं भी तब उपस्थित था। कोई पांच वर्ष पूर्व प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक ए प्रॉमिस्ड लैंड में ओबामा ने राहुल गांधी को लेकर जो टिप्पणी की उसने मोदी सरकार के मंत्रियों, गोदी मीडिया और भक्तों को इस युवा नेता पर हमले करने का हथियार सौंप दिया था। ओबामा ने किताब में उस रात्रि-भोज का जिक्र किया है जिसमें सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के साथ राहुल भी उपस्थित थे।

कोई 980 पन्नों की किताब में राहुल गांधी को लेकर की गई पांच पंक्तियों की टिप्पणी इस प्रकार है राहुल गांधी के बारे में यह कि वे स्मार्ट और जोशीले नजर आए। उनका सुदर्शन व्यक्तित्व उनकी मां के साथ मेल खाता था। बातचीत में उन्होंने राजनीति पर अपने प्रगतिशील विचार प्रस्तुत किए। वे बीच-बीच में मुझसे मेरी 2008 की चुनावी मुहिम की जानकारी भी लेते रहे पर नर्वस और अनाकार (अनफॉर्म्ड) भी नजर आए। जैसे किसी छात्र ने या तो कौशल के अभाव या फिर विषय के प्रति गहरे अनुराग के बावजूद अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया हो पर वह टीचर को प्रभावित करना चाहता हो।

किताब में लिखे को लेकर निहित स्वार्थों द्वारा बाद में जो प्रचारित किया गया वह इस प्रकार था उनमें एक ऐसे नर्वस और अपरिपक्व छात्र के गुण हैं जिसने अपना होमवर्क किया है और टीचर को इम्प्रेस करने की कोशिश में है लेकिन गहराई से देखें तो योग्यता और किसी विषय पर महारत हासिल करने के जुनून की कमी है। आज 19 जून को राहुल 55 साल के हो गए। ओबामा अगस्त में 65 के हो जाएंगे। ओबामा आखिरी बार दिसम्बर 2017 में भारत आए थे तब अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर ट्रम्प थे। पिछले आठ सालों में अमेरिका भी बदल गया है और भारत भी। भारत को बदलने में राहुल गांधी भी बड़ी भूमिका रही है। ओबामा को अपनी नई किताब में अब उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसमें न तो कौशल का अभाव है और जो न ही नर्वस है। ओबामा चूंकि एक अश्वेत नेता और राष्ट्रपति रहे हैं उन्हें ज्यादा जानकारी या तो महात्मा गांधी के 1930 के दांडी मार्च की होगी या फिर मार्टिन लूथर किंग जूनियर के अगस्त 1963 के ऐतिहासिक वाशिंगटन मार्च और 1965 के सेल्मा से मोंटगोमेरी (अल्बामा) तक चले 54 किलोमीटर लंबे मार्च की जो पांच दिनों में पूरा हुआ था। ओबामा को अपनी नई किताब में अब राहुल के सपनों के प्रॉमिस्ड लैंड का जिक्र करना पड़ेगा। उन दो ऐतिहासिक यात्राओं के बारे में लिखना पड़ेगा जो हजारों किलोमीटर की थीं। इनमें एक पैदल चलकर पूरी की गई थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक। दूसरी बस के जरिए। मणिपुर से मुंबई तक। ओबामा को उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसे देखने, सुनने और जिसका स्पर्श पाने के लिए हजारों लोग सड़कों के दोनों ओर घंटों तक खड़े रहते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# योग: बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति

**योग दिवस पर विशेष**





**श्वेता गोयल**

आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जब तनाव, अवसाद, चिंता और रोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तब योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग बन चुका है। वर्ष 2025 में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ जब 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है तो यह अवसर पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि योग स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-साक्षात्कार के लिए एक सार्वभौमिक समाधान है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं रहा बल्कि विश्व स्तर पर यह एक व्यापक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। विश्व के 170 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योग ने जाति, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं को लांघकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

योग के नियमित अभ्यास से केवल शरीर ही नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी संयमित होती है। शरीर को रोगमुक्त रखने, मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग जितना सरल है, उतना ही गहन भी। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली आज के वैज्ञानिक युग में भी एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस के प्रस्ताव को केवल 90 दिनों में 177 देशों के समर्थन के साथ पारित किया गया था तो यह स्पष्ट था कि योग अब वैश्विक मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का पथ बन चुका है। योग अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य है स्वास्थ्यपूर्ण जीवन, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति।

योगासनों और प्राणायाम की विधियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की सबसे सहज और सुलभ प्रणाली हैं। प्राचीन ऋषियों द्वारा रचित यह प्रणाली केवल आसनों तक सीमित नहीं बल्कि जीवनशैली में संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात को स्वीकार कर चुका है कि योग तनाव से राहत, रक्तचाप नियंत्रण, श्वसन क्रिया सुधार, इम्युनिटी बूस्ट और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न योगासन जैसे भुजंगासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, हलासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, मकरासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, विश्रामासन इत्यादि न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि शरीर के अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने में भी सहायता करते हैं व भुजंगासन का अभ्यास करने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, किडनी मजबूत होती है और रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है। यह आसन तनाव और अवसाद से राहत देने में प्रभावशाली है व उष्ट्रासन पाचन तंत्र को सक्रिय करता है, मोटापा कम करता है, हृदय को बल देता है और पीठ दर्द से राहत दिलाता है व सर्वांगासन मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाकर मानसिक ताजगी लाता है। यह थायरॉयड ग्रंथि के संतुलन में भी सहायक होता है। चेहरे की चमक बढ़ाने, बालों की सेहत और झुर्रियों से राहत दिलाने में यह योगासन काफी उपयोगी है। हलासन पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है, मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी है, वजन कम करता है और थकान तथा चिंता को दूर करता है। त्रिकोणासन शरीर के संतुलन को बेहतर करता है, इम्युनिटी बूस्ट करता है, अतिरिक्त चर्बी को घटाता है और रीढ़, गर्दन व पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करता है। ताड़ासन बच्चों की लंबाई बढ़ाने में सहायक है, पाचन ठीक करता है और श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है। धनुरासन पीठ और पेट के निचले भाग को मजबूत करता है, किडनी के संक्रमण से लड़ने में मदद करता है और तनाव को कम करता है।

पादंगुष्ठासन तनाव, अवसाद, अनिद्रा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को दूर करता है, साथ ही यह किडनी और आंतों की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाता है। योग केवल आसनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि प्राणायाम का भी इसमें उतना ही महत्व है। प्राणायाम से श्वसन प्रणाली को सशक्त किया जा सकता है। इसमें कुछ प्रमुख प्रकार हैं-

अनुलोम-विलोम प्राणायाम शरीर की शुद्धि करता है और मानसिक संतुलन बनाए रखता है। कपालभाति प्राणायाम से रक्त संचार बेहतर होता है, नसें मजबूत होती हैं और सांस की तकलीफों में राहत मिलती है। भस्त्रिका प्राणायाम अस्थमा, मोटापा, तनाव और सीने की समस्याओं को दूर करता है। यह फेफड़ों को शुद्ध करके हृदय को ताकत देता है। भ्रामरी प्राणायाम ध्यान की शक्ति बढ़ाता है, मानसिक शांति देता है और अनिद्रा, उच्च रक्तचाप तथा घबराहट को कम करता है। उज्जाई प्राणायाम हृदय रोगों में लाभकारी है, इससे मानसिक एकाग्रता में सुधार आता है और शरीर में गर्माहट उत्पन्न होती है। व उद्गीथ प्राणायाम स्मरण शक्ति बढ़ाने, तंत्रिका तंत्र को सुचारू रूप से संचालित करने और तनाव दूर करने में अत्यंत सहायक है।

इन सभी अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य शरीर को इस प्रकार तैयार करना है कि वह अपने अंदर के रोग प्रतिरा. धक तंत्र को सक्रिय करे और स्वयं को रोगों से लड़ने में सक्षम बनाए। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया भय, अनिश्चितता और आक्सीजन की किल्लत के दौर से गुजर रही थी, तब योग ने लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से संभाले रखा। विशेषकर कोरोना की दूसरी लहर में जब कई लोग श्वसन तंत्र की विफलता से जूझते दिखे, तब यह प्रमाणित हुआ कि योग अभ्यास से फेफड़ों की मजबूती और इम्युनिटी को बढ़ाया जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी जहां तेज जीवनशैली में फंसी हुई है, वहीं योग उसे ब्रेक देता है। शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन में स्थिरता, संतुलन और सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

योग गुरुओं का भी यह मानना है कि योग केवल एक स्वास्थ्य पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं बल्कि आंतरिक सुख और मानसिक संतुलन ही असली सफलता है। आधु. निक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग के प्रभावों को स्वीकार करता है। अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में योग अब चिकित्सीय दुष्टिकोण से अपनाया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक को मलाल, फिर कबूला: भारत ने एयरबेस तबाह किए

## कहा: सऊदी प्रिंस का फोन आया था, फिर उन्होंने भारत से बात की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है।

वहीं डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि 6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया इशाक डार ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोलआउट करना है।

हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया। सऊदी अरब ने तनाव कम करने की कोशिश की डिप्टी पीएम डार ने कहा कि भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया तब सऊदी प्रिंस ने फोन पर कहा कि आप कहो तो विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात करता हूं कि पाकिस्तान युद्धविराम के लिए तैयार हैं और वो भी रुक जाएं, तो मैंने कहा कि जरूर करिए, और उन्होंने बात करके मुझे फोन किया।



- इससे पहले पाक सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था
- कुछ समय बाद पाक पीएम शहबाज ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी

### पाक की जेलों से रिहा 269 अफगानी नागरिक वतन लौटे

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में बंद कुल 269 अफगान नागरिकों को रिहा कर उनके देश वापिस भेज दिया गया है। देश की मीडिया संस्थान टोलो न्यूज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, रिहा किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में तीन महीने बिताए। इन सभी को तोर्खम सीमा चौकी पर अफगान अधिकारियों को सौंपा गया। पिछले छह महीनों में पाकिस्तान ने सैकड़ों अफगान कैदियों को रिहा किया है। इसके साथ ही इस्लामाबाद ने उन अफगान शरणार्थियों से देश छोड़ने को कहा है, जिनके पास वैध यात्रा दस्तावेज नहीं हैं।

### ईरान के IRGC ने नए खुफिया प्रमुख को किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने माजिद खादेमी को अपने खुफिया संगठन का नया प्रमुख नियुक्त किया। अर्ध-सरकारी न्यूज़ एजेंसी फ़ार्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह नियुक्ति आईआरजीसी के मुख्य कमांडर मोहम्मद पाकपुर द्वारा संगठन के पूर्व प्रमुख मोहम्मद काज़ेमी और उनके डिप्टी हसन मोहाघेग के रविवार को ईरानी राजधानी तेहरान पर इज़रायली हवाई हमलों में मारे जाने के कुछ दिनों बाद की गई। नए पद पर अपनी नियुक्ति से पहले खादेमी आईआरजीसी के खुफिया सुरक्षा संगठन के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इज़रायल ने 13 जून को तेहरान और देश के कई अन्य क्षेत्रों पर हवाई हमले किए।

### अराक परमाणु संयंत्र पर इजरायली हमले की ईरान ने की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अराक हेवी वाटर रिएक्टर प्लांट पर इजरायल के हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए एक सुरक्षित परमाणु संयत्र को निशाना बनाया है।




# आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे पाक आर्मी चीफ मुनीर

**इस्लामाबाद।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रुपये का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ठिकाना तबाह हो गया था। पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है। दरअसल, 1 जुलाई से पाकिस्तान में मदरसे खुलेंगे। पहले मदरसे 20 जून से खुलने थे, लेकिन इनके ठीक न हो पाने के चलते मदरसे खुलने की तारीख बदल दी गई है। मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है। वह खुद इन कामों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे साफ है कि पाक अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर खड़ा कर रहा है।



- मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है

## रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को बताया 'अकल्पनीय'

**मास्को।** रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावित बातचीत का समर्थन करने से इनकार करने के साथ ही ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 'स्काई न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। पेसकोव ने कहा कि यह अकल्पनीय है, और इस बारे में बात करना भी सभी के लिए अस्वीकार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कोई भी अतिरिक्त भागीदार तनाव को और बढ़ाएगा, जो कि वाशिंगटन द्वारा इजरायल को प्रत्यक्ष सैन्य सहायता प्रदान करने की संभावनाओं का परोक्ष संदर्भ में था। हालांकि पेसकोव ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि खामेनेई की हत्या होने पर रूस क्या कार्रवाई करेगा, इसके बजाय उन्होंने कहा कि यह ईरान के अंदर से कार्रवाई को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इससे ईरान के अंदर चरमपंथी भावनाएं पैदा होंगी और जो लोग (खामेनेई की हत्या) के बारे में बोल रहे हैं, उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। वे भानुमती का पिटारा खोल देंगे।

# ईरान ने जर्मन दूत को किया तलब

## चांसलर मर्ज के अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर जताया विरोध

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने राजधानी तेहरान में जर्मनी के राजदूत मार्कस पोटेजेल को तलब किया और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के 'अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना' बयानों पर कड़ी आपत्ति जताया। ईरान ने अपने खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई का समर्थन करने जर्मनी के चां. सलर कथित आह्वान को अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेहरान में विदेश मंत्रालय ने जर्मन चांसलर की टिप्पणियों पर राजदूत मार्कस पोटेजेल से कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कि जर्मनी के नेता ने निहित रूप से एक शांतिपूर्ण देश और सरकार के खिलाफ कानून तोड़ने और बल प्रयोग का समर्थन किया है। ईरान ने कहा है कि जर्मनी संयुक्त राष्ट्र चार्टर को स्वीकार करता है और वह इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले आक्रामक कृत्यों का विरोध करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। ईरान ने जर्मनी के राजदूत से कहा कि इजरायल का सशस्त्र हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4 का स्पष्ट उल्लंघन है और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को इसकी निंदा करनी चाहिए। गौरतलब है कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने हाल में कनाडा में मीडिया से बातचीत में कहा था कि इजरायल एक तरह से हम सबके लिए ही ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की बुराई मोल ली है। कनाडा में जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में जर्मन मीडिया से मर्ज ने कहा कि मैं सिर्फ़ इतना कह सकता हूं कि मैं इस बात का बहुत सम्मान करता हूं कि इज़राइली सेना और इज़राइली सरकार ने ऐसा करने का साहस दिखाया। वहीं ईरान के परमाणु प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से अपनी निष्क्रियता समाप्त करने और ईरान की शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर इजरायली हमलों की निंदा करने का आह्वान किया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'फ़ार्स' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने मार्काज़ी प्रांत के खोंडाब काउंटी में अराक भारी जल अनुसंधान रिएक्टर सुविधा पर इजरायली हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अध्यक्ष राफेल ग्रॉसी को संबोधित एक पत्र में यह टिप्पणी की। इस्लाम ने आईएईए से अपनी निष्क्रियता तुरंत समाप्त करने और इजरायल की कार्रवाई की निंदा करने का आह्वान किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत है।

### ईरान के परमाणु प्रमुख ने आईएईए से निष्क्रियता समाप्त करने का किया आग्रह

